**एजेंसी देना हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे



MPHIN/2013/53952

# दैनिक जनसेवा समाचार

web:www.jansewasamachar.com



**आवश्यक्ता हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।



वर्ष-21 | अंक-37 | प्रात :कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये


### स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।




2028 में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था | 1133.67 करोड़ रुपए की परियोजना से होगी सिंहस्थ, मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया कार्यक्रम को संबोधित

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का बढ़ेगा गौरव: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*__भोपाल।__ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्हीं के मार्गदर्शन में बने महाकाल लोक में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन का केन्द्र बनाया है। मोक्षदायिनी शिप्रा मैया की कृपा से उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। भगवान महाकाल के आशीर्वाद से सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।*

मुख्यमंत्री ने किया 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिए किया प्रोजेक्ट संवर्धन का शुभारंभ



सीएम यादव की उज्जैन में आयुर्वेदिक एम्स की घोषणा

### हरियाखेड़ी और गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल बनेंगे

हरियाखेड़ी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है। अंबोदिया (70 एमएलडी), गौघाट (80 एमएलडी) एवं हरियाखेड़ी (100 एमएलडी) में नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण होगा। जिनकी क्षमता 250 एमएलडी होगी। उक्त जल शोधन यंत्री से मौजूदा 7 जल शोधन संयंत्रों (कुल 151 एमएलडी क्षमता) को मजबूत एवं उन्नत किया जाएगा।

### 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे

परियोजना अंतर्गत 600 से 3000 किलो लीटर क्षमता के 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। योजना अंतर्गत 708 किमी पाइप लाइन रहेगी। जिसमें लगभग 534 किलोमीटर लंबा नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा और पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी।

### योजना में 20 गांव भी शामिल

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 228 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्रामों को भी योजना में शामिल किया गया है। ये ग्राम नगरीय विस्तार क्षेत्र में स्थित होने के कारण भविष्य में जल मांग में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उक्त परियोजना सिंहस्थ 2028 के बाद उज्जैन शहर की वर्ष 2055 तक की जल आपूर्ति जरूरतों को पूर्ण करने में सक्षम होगी।

## अमेरिका ने इंडियन मैप वाला पोस्ट हटाया

### भारत का हिस्सा दिखाया था

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पाक और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी।

## लड़कियों को शादी के लिए अब 1 लाख मिलेंगे: 14 नए मेडिकल कॉलेज

### 3 यूनिवर्सिटी खुलेंगी, 400 करोड़ की स्कूटी बांटेंगे; 10 लाख को रोजगार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 2027 चुनाव से पहले अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। 9 लाख 12 हजार करोड़ का ये बजट पिछले साल से 12त्न ज्यादा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 43 हजार करोड़ रुपए की नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान किया। अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख 1 हजार रुपए दिए जाएंगे। 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज हैं, 14 नए और खोले जाएंगे। 3 यूनिवर्सिटीज को भी शुरू किया जाएगा। 7 शहरों को स्मार्ट बनाएगी। मेधावी छात्राओं को 400 करोड़ रुपए से स्कूटी बांटी जाएंगी। मध्यम वर्ग को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद न्यू रेजीडेंशियल स्कीम लॉन्च करेगी। 34 हजार करोड़ रुपए से नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनाया जाएगा।



### योगी सरकार ने बजट का 25प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर को

योगी सरकार ने बजट का 25प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया है। कृषि को 12प्रतिशत, उच्च से लेकर बेसिक एजुकेशन को 12.50 से 15प्रतिशत तक, जबकि हेल्थ को 6-8प्रतिशत राशि दी गई है। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का लोन बिना ब्याज, बिना गारंटी मिलेगा। सरकार ने एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 225 करोड़ रुपए दिए हैं।

## सरकार बोली-वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते

### वे पूरी तरह फिट

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था।

## राजस्थान- फ्री इलाज, किसानों को सस्ती बिजली, 8वें वेतन आयोग के लिए कमेटी



**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार (11 फरवरी) को लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा- 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया।

**दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदना सस्ता, होमगार्ड के 5 हजार पद बढ़ाए**

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा। अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी। झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

## केंद्रीय मंत्री पुरी बोले: एपस्टीन से 3-4 प्रोफेशनल मीटिंग हुई

### यौन अपराधी से संबंध का आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे। यह बातचीत पूरी तरह से प्रोफेशनल थी, जो इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म और दूसरे इंटरनेशनल कामों से जुड़ी थी।



पुरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में एपस्टीन विवाद में उनका नाम लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुरी ने कहा, जब मैंने मई 2009 से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था, तब से लेकर 2017 में मंत्री बनने तक की अवधि के 30 लाख ईमेल जारी किए गए हैं। इस दौरान, केवल तीन या चार बैठकों का ही जिक्र मिलता है और मेरी बातचीत पूरी तरह से पेशेवर थी। दरअसल, राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है।

**लोकसभा में रिजिजू बोले-** पीएम पर आरोप लगाया, सबूत दें

## नेता विपक्ष के खिलाफ नोटिस देगी सरकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान भाषण दिया। राहुल ने एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। राहुल ने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है। इसके जरिए भाजपा का फाइनेंसियल स्ट्रक्चर टूटेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को तुरंत टोका। उन्होंने कहा- आपने जो भी कहा है उसे साबित करिए, नहीं तो आपकी बात सदन के रिकॉर्ड पर नहीं जानी चाहिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं। हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। उन्होंने कहा- मैंने तो सबूत मांगा ही नहीं है। आप बोलते रहिए। बाद में साबित कर दीजिएगा। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे। इसपर राहुल गांधी को जवाब देना होगा। रिजिजू ने कहा कि राहुल को 5 बजे वित्त मंत्री का जवाब जरूर सुनना चाहिए।



### राहुल ने कहा- अभी दे रहा, स्पीकर ने रोका

- आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे. हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे।
- दुनिया में जियोपॉलिटिकल टकराव बढ़ रहा है। यह युद्ध का दौर है। गाजा, यूक्रेन को देख लीजिए। ऑपरेशन सिंदूर भी चल रहा है। भारत की सभी आईटी कंपनियां संघर्ष कर रही हैं।
- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था।
- अमेरिका और चीन की नजर भारत के डेटा पर है। एआई के दौर में डेटा पेट्रोल की तरह है। हमारी सरकार ने बजट में डेटा पर विदेशी कंपनियों को 20 साल का टैक्स हॉलीडे दे दिया है।
- अगर हम अमेरिका से डील करते तो ट्रम्प से कहते कि आप भारतीयों के डेटा चाहते हैं तो बराबरी पर बात होगी। हम आपके नौकर नहीं हैं। अमेरिका तय नहीं करेगा कि हमें क्या करना है।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले-

## अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया: मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था।



**अब रूस नहीं**

### अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदेगा भारत: दावा-

# सरकारी कंपनियों को अमेरिकी क्रूड लेने को कहा; ट्रेड डील के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने देश की सरकारी तेल रिफाइनरी कंपनियों से कहा है कि वे अब अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने पर विचार करें। अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, अमेरिका के साथ हुई हालिया ट्रेड डील के बाद भारत सरकार ने यह अनुरोध किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रेड डील के ऐलान के दौरान कहा था कि भारत ने रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद करने का वादा किया है। सरकार ने कंपनियों से कहा है कि जब भी टेंडर के जरिए स्पॉट मार्केट से तेल खरीदें, तो अमेरिकी तेल को प्राथमिकता दें। सरकार ने वेनेजुएला के कच्चे तेल को लेकर भी ऐसा अनुरोध किया है।



### सरकार बोली- देश की ऊर्जा सुरक्षा पहले

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि भारत व्यापार समझौते के हिस्से के रूप में रूसी कच्चा तेल लेना बंद करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, भारत ने अब तक सार्वजनिक रूप से इस दावे पर सीधा कोई जवाब नहीं दिया है। भारत का कहना रहा है कि वह अपने तेल के स्रोतों में विविधता ला रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

**अमेरिकी तेल मंगाने में 2 बड़ी चुनौतियां**

- विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय रिफाइनरीज के लिए अमेरिकी और वेनेजुएला का तेल बड़े पैमाने पर लेना इतना आसान नहीं है। इसकी दो मुख्य वजहें हैं
- रिफाइनिंग क्षमता- भारत की ज्यादातर रिफाइनरीज मीडियम क्रूड के हिसाब से बनी हैं, जबकि अमेरिकी तेल लाइट और स्वीट यानी कम सल्फर वाला होता है। इसे प्रोसेस करना भारतीय यूनिट्स के लिए पूरी तरह अनुकूल नहीं है।
- लागत और मालभाड़ा- अमेरिका से भारत की दूरी बहुत ज्यादा है। बढ़ते फेट रेट्स (मालभाड़ा) के कारण वहां से तेल मंगाना महंगा पड़ता है। इसकी तुलना में कजाकिस्तान और पश्चिम अफ्रीका से तेल मंगाना सस्ता और नजदीक पड़ता है।

## अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों से कुकर्म का आरोप



**प्रयागराज।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने 8 फरवरी को प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दायर करके कहा- गुरुकुल की आड़ में वह बाल उत्पीड़न करते हैं। अपने आरोपों की पुष्टि के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ने 2 बच्चों को भी पेश किया। उन्होंने कहा- अविमुक्ते श्वरानंद अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। उनके पास आय से अधिक संपत्ति है।

## फ्रांसीसी टीचर ने 89 नाबालिगों के साथ रेप किया, मां-मौसी की हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस में एक 79 साल के रिटायर्ड शिक्षक पर 1960 के दशक से 2022 तक 89 नाबालिगों के साथ रेप और यौन शोषण करने का आरोप लगा है। फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में अभियोजक एटिएन मंटो ने मंगलवार को इस केस को सार्वजनिक करते हुए पीड़ितों से आगे आने की अपील की। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी का नाम जैक लेवुग्ल है। अभियोजक के अनुसार जैक लेवुग्ल ने 1967 से 2022 के बीच भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, मोरक्को, नाइजर, अल्जीरिया, फिलीपींस, कोलंबिया और फ्रांस में नाबालिगों के साथ यौन अपराध किए। वह फ्रेंच भाषा के शिक्षक और गुफा अध्ययन (स्पेलियोलॉजी) के ट्रेनर के रूप में काम करता था। साथ ही सभी जगह जाकर युवाओं से मिलता था और उनके साथ यौन संबंध बनाता था।



## जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

**मण्डला ( नि.प्र. )** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। 93 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, सचिन जैन और संस्कार बावरिया सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## मिलेट फूड 13 एवं 14 को

**मण्डला ( नि.प्र. )** मोटे अनाज श्री अन्न के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मंडला एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आगामी 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पुलिस ग्राउंड में प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी के अनुसार फूड फेस्टिवल में मिलेट्स कोदो, कुटकी, रागी आदि से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे नागरिकों के मनोरंजन के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिला प्रशासन ने समस्त नगरवासियों से इस फूड फेस्टिवल में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने अपील की है।

## आरोग्यम जन स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला ( नि.प्र. )** ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आरोग्यम मण्डला 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 11 को जिले में 32 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## कलेक्टर ने की नशामुक्ति समीक्षा

**मण्डला ( नि.प्र. )** जिले में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधि एवं कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा बैठक योजना भवन में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग रोहित बड़कुल ने बैठक में अवगत कराया कि जिले के सभी थानों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर नशे के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है। विभिन्न व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों की सूचना प्राप्त कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिले में नशे के खात्मे के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी एक्ट के अंतर्गत 27 जनवरी से 6 फरवरी तक 23 अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। इस कार्यवाही में 221.81 लीटर शराब जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 21 हजार 548 रूपए है।

## इनर व्हील ने दी सीमेंट चेयर

**मण्डला ( नि.प्र. )** शहर के प्रसिद्ध शीतला मंदिर परिसर में श्रृद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु सीमेंट से बनी मजबूत कुर्सियां चेयर दान कीं जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी क्लब ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में बैठक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया के कर कमलों द्वारा चेयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सचिव सुनीता

# सरकारी धान की हेराफेरी में निपटा खरीदी केन्द्र का अमला सात लोगों के खिलाफ घुघरी थाना में हुई एफआईआर





**मण्डला ( नि.प्र. )**

जिले के घुघरी विकासखंड अंतर्गत दानीटोला धान खरीदी केंद्र में की घपलेबाजी की परते उखड़ने के बाद दोषियों के खिलाफ घुघरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। धान खरीदी की अवधि समाप्त होने के बावजूद किसानों से धान की खरीद कर लाखों रुपये के घोटाले की कोशिश के मामले में घुघरी थाना पुलिस ने प्रशासक शशि ठाकुर, समिति प्रबंधक हितेश कुड़ापे, सर्वेयर केशव अहिरवार, सुभाष परतेती, खरीदी प्रभारी समारू सिंह उईके और कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील नेताम व सुखमेन्द्र मार्को के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में इस घोटाले की राशि 75 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा मामला 20 जनवरी को सामने आया था जब दानीटोला धान खरीदी केंद्र में नियमों को ताक पर रखकर धान की खरीद की जा रही थी। नियमानुसार निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में धान खरीदी नहीं की जा सकती बावजूद इसके समिति प्रबंधक की मिलीभगत से किसानों की धान खरीदी गई और उसे ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज करने का प्रयास किया गया। इस गड़बड़ी की भनक लगते ही जिला प्रशासन सख्त हुआ और मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा तत्काल जांच के आदेश दिए गए थे। जांच टीम ने जब दस्तावेजों, ऑनलाइन प्रविष्टियों और मौके स्थिति की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में स्पष्ट हुआ कि समिति प्रबंधक, सेल्समेन और कंप्यूटर ऑपरेटर ने आपसी सांठगांठ कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने कोशिश की। नियम विरुद्ध तरीके से धान खरीदी कर भुगतान कराने की तैयारी की जा रही थी जिससे लाखों रुपये की हेराफेरी संभव थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य विभाग ने एफआईआर के लिए घुघरी पुलिस थाना में आवेदन दिया था। जहां से दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने बताया कि अब तक की जांच में करीब 75 लाख रुपये से अधिक के घोटाले का प्रयास सामने आया है। मामले की विस्तृत विवेचना जारी है और जांच के दौरान यदि अन्य लोग भी दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस पूरे प्रकरण ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों के हित में बनाई गई व्यवस्था में इस तरह की गड़बड़ियां न केवल शासन को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि ईमानदार किसानों का भरोसा भी तोड़ती हैं। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए धान खरीदी केंद्रों की सख्त निगरानी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और वित्तीय लेन-देन से जुड़े सभी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिलेगी ताकि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। बता दें कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दानीटोला में खरीदी केन्द्र क्रमांक-1 एवं खरीदी केन्द्र क्रमांक-2 बनाए गए थे यहां स्थित राज लक्ष्मी वेयर हाऊस में खरीदी की जा रही थी यहां पर 3277 क्विंटल धान कम पाई गई जिसकी शासकीय कीमत 77 लाख 63 हजार 86 रूपए की होती है। इतनी अधिक धान के कम पाए जाने से जांच अधिकारी सख्ते में आ गए और जिम्मेदार अमला कोई भी जबाव नही दें पाया। जिसके चलते प्रबंधक हितेश कुड़ापे, सर्वेयर केशव अहिरवार, सुभाष परतेती, खरीदी प्रभारी समारू सिंह उईके और कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील नेताम व सुखमेन्द्र मार्को को जिम्मेदार मानते हुए विभागीय मामला दर्ज किया गया था। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी संतकुमार भलावी ने बताया कि कार्यवाही के लिए कलेक्टर को प्रकरण प्रेषित किया गया था। वहीं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमति रश्मि गौतम ने बताया कि शिकायत के बाद खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने गए हुए थे जहां पर जांच के बाद यह घोटाला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा प्रदेशभर में धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद दानीटोला खरीदी केंद्र में नियमों को दरकिनार करते हुए 21 जनवरी के बाद भी धान खरीदी की जाती रही जबकि उस समय ऑनलाइन पोर्टल पूरी तरह बंद था। पोर्टल बंद होने के बावजूद धान की तुलाई और खरीदी किया जाना शासन के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन माना जा रहा है।

## रक्षक ही बने जंगल के भक्षक: अवैध सागौन कटाई कराने के मामले में वनरक्षक पर प्रकरण दर्ज, निलंबन

### अवैध कटाई में शामिल सुरक्षा श्रमिक को भी बनाया आरोपी, पन्ना टाइगर रिजर्व में कार्रवाई से मचा हड़कंप

**आशीष यादव पन्ना।**





**पन्ना।** जंगल की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वालों की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व से एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना बफर परिक्षेत्र में अवैध सागौन कटाई कराए जाने के मामले में एक पदस्थ वनरक्षक के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में एक वन सुरक्षा श्रमिक को भी आरोपी बनाया गया है।

सोशल मीडिया के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी के अनुसार यह मामला दिनांक 8 फरवरी 2026 का है, जब परिक्षेत्र सहायक छापर एवं अन्य वनकर्मियों द्वारा बीट छापर क्षेत्र में नियमित गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान कक्ष क्रमांक पी-293 में कुछ व्यक्तियों को सागौन लकड़ी की छिलाई कर सिल्ली बनाते हुए देखा गया।

**गश्त के दौरान खुला अवैध कटाई का मामला**

वन स्टाफ द्वारा मौके पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी आरोपी घने जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। हालांकि भागते समय दो व्यक्तियों की पहचान की गई, जिनमें बिहारी पिता रामलगन यादव, निवासी ग्राम बनहरीकलां, जो बीट छापर में समिति सुरक्षा श्रमिक के रूप में कार्यरत है, तथा संतोष प्रजापति, पदस्थ वनरक्षक बीटगार्ड छापर शामिल हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन दोनों की भूमिका प्रथम दृष्टया अवैध कटाई में संलिप्त पाई गई।

**मौके से सागौन की सिल्लियां जब्त**

घटनास्थल की तलाशी के दौरान वन विभाग द्वारा सागौन लकड़ी की कुल सात सिल्लियां जब्त की गईं, जिनका कुल घनफल 1.526 घन मीटर बताया गया है। जब्त सामग्री के आधार पर आरोपी बिहारी यादव एवं वनरक्षक संतोष प्रजापति के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया।

**प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल निलंबन**

पूरे घटनाक्रम का प्रतिवेदन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना बफर द्वारा तैयार कर सहायक संचालक मड़ला के माध्यम से 10 फरवरी 2026 को क्षेत्र संचालक कार्यालय भेजा गया। प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर वनरक्षक संतोष प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए।

पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेन्द्र कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा है कि वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह विभाग का कर्मचारी ही क्यों न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जंगल की सुरक्षा से जुड़े पदों पर बैठे लोगों से और अधिक जवाबदेही अपेक्षित है।

## अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने युवा अधिवक्ता ने प्रशासन को भेजा लीगल नोटिस

### हाईकोर्ट जाने की चेतावनी, पुलिस-आबकारी की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

**पन्ना।** जिले में गांव-गांव और गली-गली फैलते जा रहे अवैध शराब कारोबार को लेकर अब कानूनी स्तर पर बड़ा कदम उठाया गया है। जिला एवं सत्र न्यायालय पन्ना के युवा अधिवक्ता शैलेश विश्वकर्मा ने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्टर पन्ना, पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं जिला आबकारी अधिकारी पन्ना को 15 दिवसीय मियादी लीगल नोटिस डाक के माध्यम से प्रेषित किया है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि पन्ना जिले में आबकारी ठेकेदार द्वारा लाइसेंसी दुकानों से शराब उठाकर आसपास के गांवों और मोहल्लों में अवैध रूप से बिक्री कराई जा रही है। इस अवैध कारोबार से जहां एक ओर शासन के राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है, वहीं दूसरी ओर गांव-गांव में नशे का जाल फैलने से सामाजिक माहौल बिगड़ता जा रहा है और युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है।



**रोजाना लाखों का अवैध कारोबार**

नोटिस के अनुसार जिले में प्रतिदिन लाखों रुपये की अवैध शराब बिक्री होने का अनुमान है। अधिवक्ता शैलेश विश्वकर्मा ने अपने नोटिस में यह भी उल्लेख किया है कि अवैध शराब के कारण गांवों में शांति भंग हो रही है, आए दिन विवाद, हंगामा और आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जिनका पारिवारिक और सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

**पुलिस-आबकारी की भूमिका पर उठे सवाल**

नोटिस में यह भी आरोप लगाया गया है कि अवैध शराब बिक्री को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में है। कई बार ग्रामीणों द्वारा शराब तस्करी करते हुए ठेकेदारों के गुर्गों को पकड़ा गया, जिसके वीडियो भी सामने आए, बावजूद इसके प्रभावी और समान कार्रवाई नहीं की जा रही। आरोप है कि कार्रवाई केवल चुनिंदा लोगों पर होती है, जबकि ठेकेदारों से जुड़े अवैध नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई से परहेज किया जा रहा है। अधिवक्ता शैलेश विश्वकर्मा ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिवस की अवधि में अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस मामले को लेकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर अथवा अन्य सक्षम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए स्वतंत्र होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। गौरतलब है कि पन्ना जिले में अप्रैल 2025 से अवैध शराब कारोबार को लेकर हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। ऐसे में लीगल नोटिस के माध्यम से उठाया गया यह कदम प्रशासन के लिए एक कड़ी चेतावनी माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस नोटिस के बाद क्या ठोस कार्रवाई करता है।

# निवारी में श्रीराम कथा का समापन

### आपसी रिश्तों का उदासीन व्यवहार पारिवारिक रिश्तों को तोड़ रहा है





**मण्डला ( नि.प्र. )**

श्रीराम कथा का नैनपुर के ग्राम निवारी में भव्य और दिव्य समापन हुआ। भक्तो की अपार भीड़ और सस्वर कथा वाचन ने श्रीराम कथा को अमर बना दिया। समापन दिवस पर व्यासाचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने त्रेता युग मे भगवान श्रीराम की कथा चरित्र का शास्वत वर्णन किया। आपने कहा कि वर्तमान में परिवारों के बिखरने का कारण हमरी पारिवारिक एकता की कमी और आपसी रिस्तो के प्रति हमारा उदासीन व्यवहार है। कथा में आपने बताया कि भरत ने श्री राम के लिए सिंहासन त्याग दिया था। मातृ शक्तियो को जागृत करते हुए कहा कि जो महिला आपके मन को भटकाए वो निश्चिन्त तौर पर मंथरा है। उस महिला से सावधान होने की जरूरत है। कहा की भाई भाई में प्रेम होना चाहिए। प्रेम हो तो प्रभु राम जी और भाई भरत जैसा जो संपत्ति के लिए नही लड़े थे। विपत्ति में एक दूसरे का साथ देने के लिए खड़े थे। जब भगवान को वनवास हुआ 14 साल का तो भरत जी ने सिंहासन नही संभाला अपितु प्रभु राम जी की चरण पादुका को सिंहासन में रख दिया और खुद नंदी ग्राम में चले गए।।भरत खुद जिद कर रहे थे की वो भी प्रभु राम जी के साथ जंगल जाएंगे पर राम जी ने उन को रोक दिया था की अयोध्या कौन देखेगा।।बालि और सुग्रीव भाई का वर्णन बताते हुए आपने कहा की बाली ने अपने अनुज की पत्नि को अपने पास रख लिया था जो धर्म विरूद्ध था जो बालि की मौत का कारण बना।।आपने कहा की पड़ोसी राम कथा सुनने आया करता है आप सरक के जगह दे देते है पर गली में 2 इंच जमीन नहीं देते है जिस दिन जमीन दे देंगे राम राज्य आ जायेगा।। कथा सुन के यदि हम घर समाज में इस का पालन करें।। निश्चित तौर पर राम राज्य आयेगा।।राम कथा पंडाल तक सिमटी है इस लिए राम राज्य नहीं आ रहा है।।।एक अन्य प्रसंग का उदाहरण देते हुए राम जी हनुमान जी बात कर रहे थे हनुमान जी ब्राह्मण के वेश में थे वो राम जी के पास पहुंचे थे पर राम जी ने पहचान लिया बोले प्रभु में असली ब्राह्मण हूं या नकली आप ने कैसे जाना प्रभु राम जी बोले ब्राह्मण में तेज होता है वो किसी के पैर में नही गिरते तुम जैसे ही पैर में गिरे में समझ गया था ये नकली ब्राह्मण है। निवारी में 9 दिन से चल रही राम कथा का समापन हुआ । जाहिर है कि यहां 25 साल से लगातार ग्राम वासी मिल कर यह आयोजन कर रहे है ।।कथा में प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पत्तिया उइके ने भी शिरकत कर धर्म लाभ उठाया। जन भावना के अनुसार मंदिर के दीवाल निर्माण के लिए राशि की घोषणा की । जगत गुरु पंडित धीरेन्द्र चार्य जी झांसी के मुखार बिन्द से 31 जनवरी से 8 फरवरी तक राम कथा निवारी के सभी धर्म प्रेमी जनता के सहयोग से सम्पन्न हुई।

## कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

**मण्डला ( नि.प्र. )** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने उत्कृष्ट विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। कलेक्टर ने परीक्षा हॉल में बैठक व्यवस्था पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा प्रबंधों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीपीसी कुलदीप कटहल, एपीसी मुकेश पांडे, महेंद्र श्रीवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** मायापुर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना मायापुर में अपराध क्रमांक 09/26 पंजीबद्ध किया गया है। मामले में आरोपी तेजपाल उर्फ कल्ला लोधी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बूधौन राजापुर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जंगल में मिला अधेड़ का सड़ा-गला शव

**मुरैना।** महुआ थाना क्षेत्र स्थित रुधावली गांव के पास बीहड़ में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। शव कुछ दिन पुराना होने की वजह से सड़ गल गया है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि महुआ थाना पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि रुधावली गांव के जंगल में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र पचास साल के करीब बताई गई है। शव सड़ जाने की वजह से मुरैना में उसका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इसलिए शव को ग्वालियर भेजना पड़ा। कयास लगाए जा रहे हैं कि अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर शव जंगल में फेंका गया है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान में जुटी हुई है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ खरीदार गिरफ्तार

**दतिया।** कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली है। कोतवाली थाना प्रभारी धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने 9 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर पुरानी कचहरी दतिया से चोरी गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल को जानते हुए खरीदने वाले आरोपी नरेंद्र यादव पुत्र पूरन सिंह यादव, निवासी दुर्गापुर, थाना सिविल लाइन दतिया को भी गिरफ्तार किया है।

# सफलता : हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, युवती समेत पांच गिरफ्तार

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**




महानगरों में सक्रिय रहने वाले हनी ट्रैप और साइबर ब्लैकमेलिंग गिरोह अब छोटे शहरों तक भी पहुंचने लगे हैं। इसका ताजा उदाहरण शिवपुरी में सामने आया है, जहां देहात थाना पुलिस ने सुनियोजित ढंग से काम कर रहे एक हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए युवती सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं, जबकि अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

मामले की शुरुआत बदरवास निवासी आदित्य जैन (26) की शिकायत से हुई, जिसने 1 फरवरी 2026 को थाना देहात शिवपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 26 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाली युवती ने अपना नाम अंजली बताया और दोस्ती की बातचीत शुरू की। कुछ दिनों तक बातचीत चलती रही, जिसके बाद युवती ने मिलने का प्रस्ताव रखा।

फरियादी जब तय स्थान पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद युवकों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 1 लाख 5 हजार 640 रुपये की मांग की। भयभीत युवक ने बाद में हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। जांच में साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन एवं कॉल डिटेल्स के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में कल्पना रजक उर्फ अंजली (23), राजा ओझा (21), विकास रावत (19), चंद्रपाल धाकड़ (40) एवं पवन रावत (25) निवासीगण शिवपुरी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित थी। युवती पहले फोन पर संपर्क कर भरोसा जीतती थी, फिर मुलाकात के बहाने युवक को सुनसान स्थान पर बुलाया जाता था, जहां गिरोह के अन्य सदस्य पहले से मौजूद रहते थे। वहां मारपीट कर वीडियो बनाया जाता और फिर ब्लैकमेलिंग की जाती थी।

थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेंद्र मावई के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एसआई योगेंद्र सेंगर एवं साइबर सेल सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके मोबाइल व अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि गिरोह ने इससे पहले कितने लोगों को अपना शिकार बनाया।

## पड़ोसी ने युवती का सिर फोड़ा

**ग्वालियर।** गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में पड़ोसी ने युवती के साथ मारपीट कर उसका रॉड मारकर सिर फोड़ दिया। युवती का आरोप है कि मारपीट करने वाला अश्लील हरकतें करता हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आदर्श कॉलोनी में रहने वाली साधना पुत्री स्व. वीरेन्द्र सिंह कुशवाह सोमवार को सुबह के समय घर से जा रही थी तभी पड़ोसी वृंदावन कौरव ने उसका रास्ता रोककर मारपीट कर दी और रॉड मारेकर सिर फोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि वृंदावन कौरव अश्लील इशारे करता है। पीड़िता जन सुनवाई में पहुंची और आरोप लगाए कि उसकी सुनवाई नहीं की गई और मामूली धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।



## भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाधीश से मिला

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल किसानो की ज्वलंत समस्यायों को लेकर जिलाधीश रुचिका चौहान से मिला और विभिन्न मुद्दों पर शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान हुआ है, जिसमें मुरार विकासखंड के कुछ गांव सर्वे से छूट गए हैं उनका तुरंत सर्वे कराया जाए, अधूरी नहरों का निर्माण, सीमांकन प्रकरणों के निराकरण, ग्राम श्यावरी की कटी हुई विद्युत लाइन को तत्काल जोड़ने, खाद्य वितरण प्रणाली का सरलीकरण करने सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधि मंडल में भवानी शंकर शर्मा, चौधरी भूपेंद्र सिंह गुर्जर, वीरेंद्र शर्मा, रामाधार यादव, नंदकिशोर बघेल ,राम सिंह किरार, जन्डेल सिंह गुर्जर, कीरत सिंह राणा, कदम सिंह मौर्य, बृजेंद्र सिंह गुर्जर, रमेश बाबू कलार, वीरेंद्र धाकड़ आदि शामिल रहे।

## संभागीय मेला श्री बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 22 को

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला एवं ग्वालियर डिस्ट्रिक बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को फेसिलिटेशन सेंटर मेला परिसर में संभागीय मेला श्री मेंस फिजिक एवं बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया एवं सचिव सलमान पठान ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि मेला श्री के नाम से होने वाली इस संभाग स्तरीय मेन्स फिजिक एंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में ग्वालियर-चंबल अंचल के ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, डबरा, दतिया, श्योपुर, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। खिलाड़ियों का बॉडी वेट सुबह आयोजन स्थल पर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी।

# महिला सीएचओ ने निगली बीपी की 20 गोलियां, हालत गंभीर

- **विभागीय प्रताड़ना से परेशान होने का आरोप, पति ने की शिकायत**

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कोलारस क्षेत्र में पदस्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर अटामानपुर की सीएचओ डॉ. शीतल सिसोदिया ने विभागीय प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास किया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद साथी कर्मचारियों द्वारा उन्हें खरई उप-स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया। डॉ. शीतल एक वर्षीय बच्चे की मां हैं। घटना के बाद उनके पति डॉ. विकास तोमर ने तेंदुआ थाने में बीएमओ और अकाउंटेंट के खिलाफ मानसिक प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डॉ. विकास तोमर ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी देर रात 10 से 11 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों में शामिल होने का दबाव बनाते थे। पति के अनुसार, नेटवर्क समस्या के कारण यदि मीटिंग में शामिल नहीं हो पाती थीं तो नोटिस जारी कर वेतन कटौती की धमकी दी जाती थी। इससे वे लंबे समय से मानसिक तनाव में थीं। डॉ. विकास ने कहा कि यदि उनकी पत्नी को कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के लिए बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किएः पाराशर

## भाजपा महिला मोर्चा का केन्द्रीय बजट पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जो बजट पेश किया है। वह न केवल आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बल्कि यह देश को नई दिशा में अग्रसर करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। जिनसे महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी।




यह बात भाजपा के प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर ने मंगलवार को केन्द्रीय बजट 2026-27 के प्रचार अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी भिण्ड में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में कही। श्री पाराशर ने कहा कि यह बजट उस संकल्प को दर्शाता है। जिसमें न केवल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित किया गया है बल्कि समग्र रूप से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई दूरगामी कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया, महिला संवाद कार्यक्रम की संभागीय प्रभारी ममता भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में स्वागत भाषण महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आभा जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा की जिला मंत्री रश्मि खटीक ने एवं आभार जिला कार्यक्रम प्रभारी ममता मिश्रा ने व्यक्त किया।

# डीईओ के आदेश के विरुद्ध केन्द्राध्यक्ष ने चार शिक्षकों की लिपिकीय कार्य में लगा दी ड्यूटी

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

स्थानीय परीक्षाओं को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एमएल गर्ग द्वारा इस बार बोर्ड परीक्षाओं में पर्यवेक्षकों से ही लिपिकीय कार्य कराने के लिए दिए गए स्पष्ट निर्देश के बाद भी शासकीय उत्कृष्ट बालक उ.मा. विद्यालय (स्वाध्यायी) केन्द्र क्रमांक 121001 के केन्द्राध्यक्ष ने चार शिक्षकों की डीईओ के आदेश के विरुद्ध लिपकीय कार्य में ड्यूटी लगा दी है।

मालूम हो कि जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने 7 फरवरी 2026 को एक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिए थे कि बोर्ड परीक्षाओं में लिपिकीय कार्य उन्हीं पर्यवेक्षकों से कराया जाना है। जिनकी सूची परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध कराई गई है। आदेश में डीईओ ने उल्लेख किया था कि स्थानीय परीक्षा नजदीक होने के कारण विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी लगाने से शिक्षकीय कार्य प्रभावित होगा। ऐसे में पर्यवेक्षकों से ही लिपिकीय कार्य कराया जाए। इस आदेश के विरूद्ध गिरधरपुर के संकुल प्राचार्य एवं शासकीय उत्कृष्ट बालक उमावि श्योपुर के केन्द्राध्यक्ष सुरेशचंद मीणा ने चार शिक्षकों की लिपिकीय कार्य में ड्यूटी लगाकर डीईओ के आदेश का उल्लंघन किया है।

### इन शिक्षकों की लगाई नियम विरुद्ध ड्यूटी

शासकीय उत्कृष्ट बालक उमावि श्योपुर के केन्द्राध्यक्ष सुरेशचंद मीणा द्वारा डीईओ के आदेश के विरुद्ध शासकीय सांदीपनि विद्यालय पहेला के सहायक शिक्षक सतीश कुमार गुप्ता, शासकीय एकीकृत विद्यालय बांकुरी के माध्यमिक शिक्षक मुकेश कुमार गुप्ता, शा माध्यमिक विद्यालय झरेर के माध्यमिक शिक्षक नीरज शोभन एवं शासकीय सांदीपनि उमावि पहेला की शिक्षिका रानू खंडेलवाल की परीक्षा में लिपिकीय कार्य के लिये ड्यूटी लगाई है। सभी शिक्षक ड्यटी के चक्कर में पहले दिन परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित भी रहे।

# पीएचई कर्मचारी ने घर में लगाई फांसी, मौत

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनीसागर कॉलोनी में एक शासकीय कर्मचारी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार शाम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदस्थ 34 वर्षीय कर्मचारी विकास शर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।



सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस के अनुसार विकास शर्मा अनुकंपा नियुक्ति के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था और पिछले लगभग 10 वर्षों से विभाग में कार्यरत था। वह अपने परिवार के साथ रहता था तथा उसके दो छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक ऑनलाइन गेमिंग में संलिप्त था और संभवतः आर्थिक तनाव से गुजर रहा था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आत्महत्या के कारणों की आधिकारिक पुष्टि जांच पूर्ण होने के बाद ही की जाएगी।

# श्रीजी की गांवड़ी विद्यालय में गिरी किचनशेड की छत

- **स्कूली बच्चों में डर का माहौल**

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**



विकासखंड श्योपुर के संकुल केन्द्र पांडोला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय श्रीजी की गांवड़ी में स्कूली बच्चे उस समय भयभीत हो गए जब स्कूल भवन के पास ही बनी किचनशेड की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हालांकि जिस समय छत गिरी। उस समय आस-पास कोई मौजूद नहीं था। इसलिए बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों ने बताया कि किचनशेड की छत गिरने से बच्चों में डर का माहौल निर्मित हो गया। बच्चे अब स्कूल भवन में बैठकर पढ़ने से भी मना कर रहे हैं। उन्हें इस यह डर सताने लगा है कि कहीं स्कूल भवन की छत भी न गिर जाए। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की माने तो किचनशेड जर्जर होने के कारण काफी दिनों से बंद था जबकि ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भवन का निर्माण गत सात-आठ वर्ष पहले ही कराया गया था। घटिया निर्माण के कारण यह भवन गिरा है।

### मौके पर पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी

किचनशेड की छत गिरने की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग एवं पांडोला संकुल प्राचार्य श्रीजी की गांवड़ी स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों व उनके परिजनों से चर्चा की। इस दौरान परिजनों द्वारा बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए गए।

### इनका कहना है

जिला शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य स्कूल में पहुंच गए हैं। किचनशेड की छत गिरी है जो जर्जर होने के कारण कई सालों से बंद थी।

**-मधु शर्मा,** खण्ड शिक्षा अधिकारी, श्योपुर

**अपार आईडी, एसआईआर, लोकसेवा गारंटी सहित योजनाओं की समीक्षा**

# कोई भी पात्र व्यक्ति निर्वाचन सूची से वंचित न रहेः जिलाधीश

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कोई भी पात्र व्यक्ति निर्वाचन सूची से वंचित न रहे। यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचक नामावली का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जाए। अपार आईडी निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दो समय मध्याह्न भोजन उपलब्ध करवाया जाए। खसरा नकल की भौतिक प्रतियां उपलब्ध कराकर राजस्व अधिकारियों द्वारा सैचुरेशन स्तर तक कार्य पूर्ण कराया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे। टीएल पत्रकों पर विशेष ध्यान देते हुए समय-सीमा में निराकरण किया जाए। आधार अद्यतन कार्य शिविरों के माध्यम से निरंतर जारी रखा जाए।

यह निर्देश जिलाधीश लोकेश कुमार जांगिड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। जिलाधीश ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बीएलओ एप के माध्यम से नोटिस का शत-प्रतिशत वितरण आज ही सुनिश्चित करें और 12 फरवरी तक समस्त कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने समस्त जनपद पंचायत सीईओ, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को 12 फरवरी तक एसआईआर कार्य अतिरिक्त रूप से संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

जिलाधीश ने संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समस्त तहसीलदारों को पटवारियों के माध्यम से खसरा नकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस एवं राशन कार्ड निर्माण से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों को दिए। जनवरी माह में टीएल निराकरण की प्रगति कम पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीएल पत्रकों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। जिन प्रकरणों में पेनल्टी अधिरोपित की गई है। यदि पेनल्टी जमा नहीं की जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पेनल्टी की दोगुनी राशि रेडक्रॉस सोसायटी में जमा कराई जाए।

### कैंथरी विद्यालय परिसर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

जिलाधीश ने निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति में किसी भी कारण से यदि पेयजल आपूर्ति बाधित होती है तो उसे तत्काल निराकृत कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्युत व्यवधान के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो। उन्होंने ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यवाहियों में सख्ती लाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। जिलाधीश द्वारा कैंथरी गांव के स्कूल परिसर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश तहसीलदार मुरैना ग्रामीण को दिए गए। साथ ही लेपा एवं भिड़ोसा गांव में स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

# विवाहिता बस से लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

- **पुलिस 13 दिन बाद भी खाली हाथ**

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

बैराड़ थाना क्षेत्र के निवासी मोहन सेन की पत्नी शैफाली सेन पिछले 13 दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। हैरानी की बात यह है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक शैफाली का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 1:20 बजे शैफाली के भाई नयन सेन ने उसे नए बस स्टैंड पोहरी रोड, शिवपुरी से बैराड़ जाने वाली रावत बस में बैठाया था। शैफाली को अपने ससुराल बैराड़ पहुंचना था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंची।

परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर बस कंडक्टर ने बताया कि शैफाली तहसील शिवपुरी के रामखेड़ी मोड़ पर बस से उतर गई थी। इसके बाद से उसका मोबाइल नंबर (8839599131) लगातार बंद आ रहा है। पति मोहन सेन ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को आवेदन देकर आशंका जताई है कि उनकी पत्नी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे नुकसान पहुंचाया गया हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि शैफाली के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर उसकी अंतिम लोकेशन निकाली जाए तथा रामखेड़ी मोड़ और बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जाएं।

पीड़ित पति का कहना है कि उन्होंने कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। पत्नी का मोबाइल बंद है, जिससे परिजन उसकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

## सुविचार

**ज्ञानी जन विवेक से सीखते हैं, साधारण मनुष्य अनुभव से, अज्ञानी पुरुष आवश्यकता से और पशु स्वभाव से।**



## संपादकीय

# मुक्त व्यापार, भारी सवाल

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप ने एक बार फिर उस बुनियादी बहस को सतह पर ला दिया है, जिसे अक्सर विकास के शोर में दबा दिया जाता है—मुक्त व्यापार की असली कीमत कौन चुकाता है और इसका वास्तविक लाभ किसे मिलता है? आगामी 12 फरवरी को प्रस्तावित किसान संगठनों का देशव्यापी विरोध केवल कुछ फसलों या उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भरोसे, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर गहरी बेचैनी का संकेत है।

सरकार आश्वस्त कर रही है कि किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। कागजों पर ये दावे राहत देने वाले लग सकते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में किसानों की आशंकाओं को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। पिछले अनुभव इसकी गवाही देते हैं। यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के बाद सस्ते आयात में हुई तेज़ वृद्धि ने कमजोर किसानों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बुरी तरह प्रभावित किया। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इस बार हालात अलग होंगे? विशेष चिंता का विषय सेब है। भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी सेब का मुकाबला हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ी किसानों के लिए आसान नहीं होगा। आयात शुल्क में कटौती और न्यूनतम आयात मूल्य में बदलाव से अमेरिकी सेब घरेलू प्रीमियम सेब के बराबर कीमत पर उपलब्ध हो सकते हैं। ऐसे में उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से बेहतर दिखने और लंबे समय तक टिकने वाले आयातित सेब की ओर झुकेंगे। इसका सीधा असर स्थानीय उत्पादकों की आय और कोल्ड स्टोरेज जैसी व्यवस्थाओं की व्यवहार्यता पर पड़ेगा। सरकार यह भी कह रही है कि कृषि और दुग्ध क्षेत्र संरक्षित रहेंगे, लेकिन समझौते में कृषि व खाद्य उत्पादों की व्यापक श्रृंखला पर शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाएं हटाने की बात शामिल है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को इन प्रावधानों पर स्पष्ट और ठोस जवाब चाहिए, न कि केवल आश्वासन। यही कारण है कि किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों की यह मांग पूरी तरह जायज़ है कि समझौते का पूरा विवरण संसद के सामने रखा जाए। व्यापार समझौते केवल कूटनीतिक दस्तावेज नहीं होते; वे भी घरेलू कानूनों की तरह ही करोड़ों लोगों की आजीविका को प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञों की चेतावनी भी साफ है—मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचा और जोखिम संरक्षण के बिना बाजार खोलना छोटे और सीमांत किसानों के लिए भारी पड़ सकता है। किसानों की हड़ताल दरअसल एक चेतावनी है। यदि सरकार को भरोसा है कि यह समझौता सचमुच किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है, तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक संवाद के जरिए यह भरोसा कायम करना होगा। अन्यथा सुधारों की कहानी एक बार फिर अन्नदाता की चिंताओं के आगे फीकी पड़ जाएगी—और देश के सेब उत्पादकों को यह डर सताता रहेगा कि कहीं उनके बागों की खुशबू विदेशी आयात की चकाचौंध में खो न जाए।

# जहरीले बयान से विषैले पानी तक कटघरे में एमपी की सरकार

**नरेंद्र तिवारी**

किसी भी सरकार की दृढता और जन सामान्य से जुड़े विषयों में उसकी संवेदनशीलता सरकार की कीर्ति, ख्याति और गुणगान का महत्वपूर्ण आधार होती है। इस लिहाज से मध्यप्रदेश राज्य सरकार जिसने अपने नवीन नैतृत्व के साथ दो बरस से अधिक की कार्य अवधि पूर्ण कर ली है, अब यह जानना बहुत जरुरी हो जाता है की जनसामान्य से जुड़े आवश्यक विषयों के प्रति सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता और अफसरों का दृष्टिकोण क्या है? जब किसी राज्य में केंद्रीय नैतृत्व ने नव प्रयोग करते हुए वरिष्ठता के क्रम को उलांघकर मोहन यादव को मध्यप्रदेश की सरकार का मुखिया बनाया हो, तब राज्य सरकार का मूल्यांकन और भी जरुरी हो जाता है। सरकार के कार्यों का मूल्यांकन जनता की नजर से करने का पैमाना वैसे तो पांच बरस में होने वाले चुनाव है। इस पैमाने पर अब से दो बरस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिँह चौहान के नैतृत्व में एमपी की जनता ने भाजपा को व्यापक जन समर्थन देकर राज्य में राज्य में पांच वर्षीय कार्यकाल सौपा है, जनादेश इतना बड़ा की बहुमत से 50 सीटें अधिक याने की 230 में से 163 सीट जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। किंतु यह सफलता भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के नैतृत्व में प्राप्त हुई थी। शिवराज के नैतृत्व में भाजपा को मिले व्यापक जन समर्थन के बाद भाजपा हाईकमान ने शिवराज के स्थान पर महाकाल की नगरी उज्जैन दक्षिण के विधायक एमपी सरकार के पूर्व शिक्षामंत्री मोहन यादव को प्रदेश की कमान सौपी। मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को राज्य के 19 वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण की थी।

> मध्यप्रदेश जिसकी बागडोर शिवराज के हाथों से मोहन यादव के हाथों में आ चुकी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में अपने शुरुवाती निर्णयों में मोहन यादव सरकार की दृढता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही 13 दिसम्बर 2023 को धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल से अधिक तेज आवाज वाले लाउडस्पीकरों और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत ध्वनि प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उठाया गया था। इस निर्णय को सम्पूर्ण प्रदेश में समान रुप से लागू करने में भी सफलता प्राप्त हुई थी। जब गाँव-गाँव, शहर-शहर ऊँचे स्थानों पर लाउड स्पीकर लगाकर धार्मिक कट्टरवाद की प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा था। मोहन यादव की सरकार ने आमजनता के हित में दृढता से कदम उठाया।

मध्यप्रदेश जिसकी बागडोर शिवराज के हाथों से मोहन यादव के हाथों में आ चुकी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में अपने शुरुवाती निर्णयों में मोहन यादव सरकार की दृढता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही 13 दिसम्बर 2023 को धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल से अधिक तेज आवाज वाले लाउडस्पीकरों और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत ध्वनि प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उठाया गया था। इस निर्णय को सम्पूर्ण प्रदेश में समान रुप से लागू करने में भी सफलता प्राप्त हुई थी। जब गाँव-गाँव, शहर-शहर ऊँचे स्थानों पर लाउड स्पीकर लगाकर धार्मिक कट्टरवाद की प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा था। मोहन यादव की सरकार ने आमजनता के हित में दृढता से कदम उठाया। उक्त निर्णय को समान रुप से लागू भी किया। तेज आवाज से परेशान आमजन को राहत देने का काम किया था। एमपी की सरकार का दूसरा कठोर निर्णय परिवहन चैक पोस्ट समाप्त करने का था। जिसका आधिकारिक निर्णय 30 जून 2024 को लिया गया। और यह 1 जुलाई 2024 से पुरे राज्य में लागू भी हो गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर प्रांतीय सीमाओं पर होने वाली अवैध वसूली को रोकने और गुजरात मॉडल अपनाने के लिए चेक पोस्ट को बंद करने का कड़ा फैसला लिया था। यह फैसला सरकार का भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार था। जनता से जुड़े कठोर निर्णय लेने वाली मोहन सरकार कुछ मामलों में अनिर्णय का शिकार होती दिखी, जिन विषयों पर संवेदनशीलता और दृढता दिखाए जाने की आवश्यकता थी, राज्य सरकार और उसके मुखिया खामोश नजर आए। ऐसा ही राष्टीय अस्मिता से जुडा मामला एमपी सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री के रुप में विजय शाह द्वारा दिया गया बयान था। उन्होंने भारतीय सेना की कर्नल सौफ़िया कुरैशी जिन्होंने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से दुनियाँ को अवगत कराया स्वयं भी कार्यवाही का हिस्सा रही। उन पर दिए जहरीले बयान में मंत्री विजय शाह ने उन्हें आंतकियों की बहन कहकर सम्बोधित किया। भारत राष्ट की जिस नायिका पर देश गौरव कर रहा है, एमपी सरकार के जिम्मेदार मंत्री द्वारा दिए बयान ने मध्यप्रदेश की जनता को शर्मन्दगी से भर दिया था, उनका यह बयान देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला है, किंतु आश्चर्य की 10 माह होने को आए मंत्री अपने पद पर बना हुआ है। एमपी की सरकार उन्हें मंत्री पद से हटाने में नाकाम दिखाई दी, जब से अब तक का हर दिन एमपी की सरकार और उसके मुख्यमंत्री की संवेदना और दृढता को मुंह चिढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर जिसे देश के सबसे साफ शहर का तमगा मिला हुआ है। अभी वर्ष 2026 की जनवरी माह में इस शहर के भागीरथ पूरा इलाके में विषैले पानी से फैले डायरिया के कारण एक के बाद एक 33 लोगो की मौत हो गयी। मौत का क्रम अभी भी जारी है, जाने कब रुकेगा, सरकार ने तीन अधिकारियो को निलंबित किये जाने एवं मृतक परिवार को मुआवजे के रुप में मात्र 2 लाख रु की घोषणा कर इस गंभीरतम अपराध पर पर्दा डालने का प्रयास किया। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री ने एक पत्रकार को दिए बयान में फोकट प्रश्न और घंटा जैसे शब्दों के इस्तेमाल ने प्रदेश की जनता को झकझोर दिया। इस बयान ने प्रदेश को गहरे रुप से शर्मिंदा किया। एमपी के इंदौर में विषैले पानी से हुई मौत के सम्पूर्ण घटनाक्रम पर सरकार संवेदन शून्य नजर आई। यह विषय प्रदेश के विपक्ष को सरकार पर हमलावर होने का मौका था, विपक्ष ने ऐसा ही किया। सरकार और मुख्यमंत्री विपक्ष को दोष देते दिखे। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायर ब्राड नेता उमा भारती का बयान काबिले गौर रहा, जिसमे जनमत की आवाज सुनाई दी उन्होंने × पर अपनी पोस्ट में लिखा सिर्फ इंदौर के मेयर ही नहीं, मध्यप्रदेश का शासन एवं प्रशासन कटघरे में खडे है, इस महापाप के सभी जिम्मेदार लोग जनता के प्रति अपराध के कटघरे में खडे है, उमा भारती ने लिखा इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है की हमारी चली नहीं, जब आपकी चली नहीं तो आप पद पर बैठे बीसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? जनता के बिच क्यों नहीं गए? ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड! उमा भारती की इस पोस्ट में सरकार को सख्त कदम उठाने का संदेश था।

## गुड़हल से सेहत ...

गुड़हल स्वास्थ्य, त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं; यह ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने, लीवर को स्वस्थ रखने, वजन घटाने, इम्यूनिटी बढ़ाने, सूजन कम करने और खांसी-जुकाम में राहत देने में मदद करता है, साथ ही बालों को मजबूत और त्वचा को चमकदार बनाता है।

### स्वास्थ्य लाभ

**हृदय स्वास्थ्य-** LDL कोलेस्ट्रॉल कम कर हृदय रोगों का खतरा घटाता है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने में मदद करता है।

**ब्लड शुगर नियंत्रण-** इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ाकर रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है, जो मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद है।

**लीवर के लिए-** इसमें हेपेटोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो लीवर को नुकसान से बचाते हैं और कार्यप्रणाली सुधारते हैं।

**वजन घटाने में सहायक-** वजन कम करने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

**पाचन और सूजन-** पाचन दुरुस्त करता है, सूजन कम करता है, और पेट व आंतों की ऐंठन में राहत देता है।

**इम्यूनिटी और तनाव-** इम्यूनिटी बढ़ाता है और तनाव व चिंता कम कर मस्तिष्क को आराम देता है।

**खांसी और जुकाम-** खांसी और कफ को कम करने में सहायक है, खासकर जड़ का काढ़ा।

### बालों और त्वचा के लिए

**बालों के लिए-** बालों को मजबूत, घना और चमकदार बनाता है, बालों का झड़ना कम करता है, और रूसी व खुजली का इलाज करता है।

**त्वचा के लिए-** एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाता है, जलन व खुजली दूर करता है।

### उपयोग का तरीका (गुड़हल की चाय)

पानी में ताज़े या सूखे फूल उबालें, 5-10 मिनट पकाएं।
छानकर अदरक, शहद (सर्दी में), या नींबू मिलाकर पिएं।

### सावधानियां

एलर्जी होने पर, गर्भवती महिलाओं और दवाइयों का सेवन करने वाले लोगों को डॉक्टर की सलाह पर ही लेना चाहिए।

लो ब्लड प्रेशर वाले लोगों को इसका सेवन सीमित करना चाहिए, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर कम करता है।

# समृद्ध जल संसाधनों के बीच प्यासा आदिवासी समाज

**राजकुमार सिन्हा**

डिंडोरी को जल अभावग्रस्त जिला घोषित किया गया है। इसका अर्थ यह है कि जिले में मौजूदा वर्ष में पेयजल और सिंचाई के लिये उपलब्ध पानी की कमी का संकट गहराया है, खासकर आगामी ग्रीष्म ऋ्तु को ध्यान में रखते हुए। ऐसे में जल संसाधनों के विनियमन और उपयोग पर नियंत्रण लगाया गया है। यह आदेश 10 फरवरी से 30 जून 2026 तक लागू रहेगा, जिसमें पानी के अनावश्यक दोहन पर रोक और संरक्षण-उन्मुख व्यवहार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।इसके साथ ही निजी नलकूप,बोरवेल एवं हैंडपम्प के लिए अनधिकृत खनन और ड्रिलिंग पर रोक जैसे कदम भी प्रशासन ने उठाए हैं ताकि जल स्तर और उपलब्धता को बचाया जा सके। डिंडोरी और आसपास के आदिवासी-ग्रामीण जिलों में पहले से भूजल स्तर गिर रहा है और पेयजल की उपलब्धता सीमित है। मौसमी स्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव और वर्षाजल संचयन की कमी के कारण प्रशासन ने जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये इस आदेश का सहारा लिया है ताकि गर्मियों में लोगों को पीने के पानी की समस्याएं और गंभीर न हों।डिंडोरी और आसपास के आदिवासी-ग्रामीण जिलों में पहले से भूजल स्तर गिर रहा है और पेयजल की उपलब्धता सीमित है। मौसमी स्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव और वर्षाजल संचयन की कमी के कारण प्रशासन ने जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये इस आदेश का सहारा लिया है ताकि गर्मियों में लोगों को पीने के पानी की समस्याएं और गंभीर न हों।

मध्यप्रदेश को देश का सबसे बड़ा आदिवासी आबादी वाला राज्य कहा जाता है।आदिवासी समुदाय सदियों से जंगल, नदी और पहाड़ियों के साथ सहजीवन में रहे हैं। विडंबना यह है कि आज वही समुदाय पानी की सबसे गंभीर असुरक्षा का सामना कर रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर आदिवासी अंचल आज पानी के लिए जूझते दिखाई देते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्रों की भौगोलिक पृष्ठभूमि मध्यप्रदेश के झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, सिंगरौली और शिवपुरी (सहरिया क्षेत्र) जैसे जिले मुख्यत: आदिवासी हैं। ये क्षेत्र या तो पथरीली पहाड़ियों, घने जंगलों या पठारी भूभाग पर बसे हैं, जहां जल का प्राकृतिक संचयन कठिन होता है।आदिवासी क्षेत्रों में पेयजल का मुख्य आधार झरने, छोटे नाले, कुएं और हैंडपंप हैं। गर्मियों में ये स्त्रोत सूख जाते हैं, जिससे कई गांवों में तीनङ्चार महीने गंभीर जल संकट रहता है।गहरे नलकूप आधारित जल व्यवस्था आदिवासी अंचलों के भूगर्भ के अनुकूल नहीं है। नतीजतन, बड़ी संख्या में हैंडपंप कुछ वर्षों में ही सूख जाते हैं, जिससे सरकारी निवेश व्यर्थ हो जाता है।कई आदिवासी क्षेत्रों में भूजल में फ्लोराइड, आयरन और नाइट्रेट की मात्रा अधिक पाई जाती है। इससे दंत रोग, हड्डियों की विकृति और पेट से जुड़ी बीमारियां आम हैं, लेकिन जांच और उपचार की सुविधाएं सीमित हैं।नर्मदा घाटी, सिंगरौली, बालाघाट और मंडला जैसे क्षेत्रों में बांध, खनन और औद्योगिक परियोजनाओं ने आदिवासियों को उनके पारंपरिक जल स्त्रोतों से अलग कर दिया है। विस्थापन के बाद बसाए गए गांवों में अक्सर स्थायी जल व्यवस्था नहीं होती, जिससे पानी की समस्या और गहरी हो जाती है।जलवायु परिवर्तन के कारण अनियमित मानसून, कम अवधि में तेज़ वर्षा और लंबे सूखे ने आदिवासी कृषि और जल स्त्रोतों दोनों को प्रभावित किया है। पहले जिन झरनों में सालभर पानी रहता था, वे अब सिर्फ मानसून तक सीमित हो गए हैं।आदिवासी समाज के पास पारंपरिक जल संरक्षण का समृद्ध ज्ञान रहा है,जैसे पहाड़ी ढलानों पर छोटे बांध, झिरिया, डबरा, जैसे स्थानीय जल ढांचे प्रमुख हैं। जंगल संरक्षण के माध्यम से जल संरक्षण की आधुनिक नीतियों में इस ज्ञान को नजर अंदाज किया गया, जिससे समाधान टिकाऊ नहीं बन पाए। इसलिए विकेंद्रीकृत जल प्रबंधन के अन्तर्गत ग्रामसभा आधारित जल योजना, जहां पानी को सामुदायिक संसाधन मानना, झिरिया, तालाब, झरनों और छोटे बांधों का संरक्षण, कम गहराई वाले कुएं, वर्षाजल संचयन और गुरुत्व आधारित जल प्रणालियां विकसित करने का प्रयास करना और जल समितियों में आदिवासी महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने जैसे प्रयास प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पानी की समस्या केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि नीतिगत उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का परिणाम है। जब तक आदिवासी समाज को जल प्रबंधन का केंद्र नहीं बनाया जाएगा, तब तक हर घर जल का सपना इन अंचलों में अधूरा ही रहेगा।आदिवासी समाज को पानी नहीं दिया जा रहा है, बल्कि उनसे उनका पानी छीना जा रहा है, यह सच्चाई स्वीकार किए बिना समाधान संभव नहीं है। मध्यप्रदेश में तेजी से गिरता भूजल न केवल किसान समुदाय के लिए चिंता का विषय है, बल्कि शहरी और ग्रामीण दोनों जीवन के लिए जल सुरक्षा संकट का संकेत देता है।मध्यप्रदेश में लगभग 58.75 से 60 प्रतिशत भूजल का दोहन हो चुका है, जो राज्य को बढ़ते जल संकट की ओर ले जा रहा है।

## ज्ञानवाणी

### चमकती स्क्रीन और सच्चा जीवन

सोशल मीडिया की चमक आजकल रिश्तों से ज़्यादा तेज़ हो गई है। हर मुस्कान, हर तस्वीर और हर पोस्ट एक कहानी कहती है—लेकिन ज़रूरी नहीं कि वह कहानी पूरी सच्ची हो। यही बात सुप्रिया को समझने में थोड़ा समय लगा।

सुप्रिया एक साधारण गृहिणी थी। पति नौकरी में व्यस्त रहते, बच्चे स्कूल जाते और वह घर-परिवार में ही उलझी रहती। फुर्सत के पलों में उसका सहारा था मोबाइल और उस पर चलती फेसबुक की दुनिया। वहीं उसकी पुरानी सहेली रुचि की तस्वीरें अक्सर सामने आतीं—कभी महंगे रेस्तरां में, कभी खूबसूरत साड़ियों में सजी-धजी, कभी पति के साथ मुस्कुराती हुई। हर तस्वीर पर ढेरों लाइक्स और तारीफें होतीं।

सुप्रिया हर तस्वीर देखती और मन ही मन सोचती—काश! मेरी ज़िंदगी भी ऐसी होती।

धीरे-धीरे उसे लगने लगा कि उसकी अपनी ज़िंदगी फीकी है और रुचि की ज़िंदगी परफेक्ट।

लेकिन एक बात उसे खटकती थी। तस्वीरों में हमेशा मुस्कुराती रुचि की आँखों में कहीं न कहीं एक अनकहा दर्द झलक जाता था। सुप्रिया ने कई बार उसे फोन किया, मिलने की कोशिश की, पर हर बार कोई न कोई बहाना मिल जाता।

एक दिन बच्चों के स्कूल से आने के बाद सुप्रिया ने तय कर लिया कि आज वह रुचि के घर जाएगी। कई महीनों बाद जब वह उसके दरवाज़े पर पहुँची और घंटी बजाई, तो काफी देर बाद दरवाज़ा खुला। सामने वही रुचि थी—लेकिन फेसबुक वाली रुचि नहीं।

सादे कपड़े, बिखरे बाल, थका हुआ चेहरा और आँखों में चिंता।

सुप्रिया कुछ पल के लिए ठिठक गई।

अंदर आओ, रुचि ने धीमी आवाज़ में कहा।

घर अंदर से भी साधारण था। न चमक, न सजावट। बातचीत शुरू हुई तो सच धीरे-धीरे बाहर आने लगा। रुचि के पति की नौकरी छूट चुकी थी। घर बड़ी मुश्किल से चल रहा था। कई बार तो बच्चों की फीस भरने के लिए भी उधार लेना पड़ता था।

सुप्रिया हैरान थी—लेकिन फेसबुक परज?

रुचि हल्की-सी मुस्कुराई। वो सब पुरानी तस्वीरें हैं। मैं इसलिए पोस्ट करती हूँ ताकि लोग समझें कि सब ठीक है। शायद खुद को भी यकीन दिलाने की कोशिश करती हूँ।

उस पल सुप्रिया को एहसास हुआ कि वह कितनी बड़ी भूल कर रही थी—किसी की ज़िंदगी को उसकी स्क्रीन से देखकर तौलने की।

रुचि की आँखें भर आईं। लोगों को खुश देखकर मुझे भी कुछ पल की राहत मिल जाती है, लेकिन सच यही है कि असली जीवन बहुत अलग है।

सुप्रिया ने उसका हाथ थाम लिया। रुचि, तुम अकेली नहीं हो। दोस्ती सिर्फ लाइक और कमेंट के लिए नहीं होती।

उस दिन दोनों देर तक बातें करती रहीं—बिना फिल्टर, बिना बनावट। जाते समय सुप्रिया के मन में एक अजीब-सी शांति थी।

### घर लौटते हुए उसने सोचा

कितनी अजीब बात हैज हम दूसरों की दिखावटी खुशियों से दुखी हो जाते हैं और अपनी असली खुशियों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1541 स्पैनिश विजयकर्ता पेड्रो डी वल्दिविया ने सैंटियागो की स्थापना की, आज चिली की राजधानी सैंटियागो डेल न्युवो एक्ट्रीमो है।
1719 ओडरलिंगे वैन 1719 यू.ए., नीदरलैंड की सबसे पुरानी मौजूदा जीवन बीमा कंपनी की स्थापना की।
1771 गुस्ताव III स्वीडन के राजा बने।
1771 गुस्टाव तृतीय स्वीडेन के राजा बने।
1804 जर्मनी के प्रख्यात दार्शनिक एवं विचारक इमैनुएल कांट का 80 वर्ष की आयु में निधन हुआ।
1809 अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म हुआ।
1817 चैकाबुको की लड़ाई में अर्जेंटीना/चिली देशभक्ति सेना ने स्पेनिश सेना को हराया।
1818 चिली ने स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1818 दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
1818 चाकाबुको की लड़ाई में अपनी जीत की पहली वर्षगांठ पर, चिली ने औपचारिक रूप से स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1855 मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लैंसिंग, मिशिगन की स्थापना मिशिगन राज्य के कृषि महाविद्यालय के रूप में हुई थी, जो संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला कृषि महाविद्यालय था।
1877 अमेरिकी रेलवे बिल्डर्स मजदूरी में कमी के खिलाफ हड़ताल किया।
1912 चीन ने ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया।
1912 शिन्हाई क्रांति-पुई, चीन के अंतिम सम्राट, सैन्य अधिकारी और राजनेता युआन शिकाई द्वारा दलाली का सौदा, औपचारिक रूप से चीन में एक नए गणतंत्र के साथ किंग राजवंश की जगह ले रहा है।
1912 शिन्हाई क्रांति- चीन के अंतिम सम्राट पुई को सैन्य अधिकारी और राजनेता युआन शिकाई द्वारा दलाली के तहत उकसाया गया, जो औपचारिक रूप से चीन में एक नए गणतंत्र के साथ किंग राजवंश की जगह ले रहा है।
1914 वाशिंगटन, डी.सी. में, लिंकन मेमोरियल का पहला पत्थर रखा गया।

## राशिफल



**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य के कार्यों में भी लगाएंगे। आपके सरकारी काम पूरे होंगे।



**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको आर्थिक मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे धन उधार मांग सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी मामले में जोखिम लेने से बचना होगा।



**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। यदि आपके और जीवनसाथी के बीच कुछ गलतफहमियां चल रही थी, तो उन्हें भी आप दूर करने की कोशिश करें। आप जीवनसाथी कहीं डिनर डेट पर लेकर जाने की कोशिश कर सकते हैं।



**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए अक्स्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको भाग्य भी पूरा साथ मिलेगा और आप जिस काम को लेकर यदि परेशान थे, तो वह पूरा होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आप कुछ भविष्य को लेकर इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती हैं।



**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करने से अच्छी सफलता हासिल होगी। आपके बिजनेस में चार चांद लगेंगे, लेकिन आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अपने पिताजी से सलाह की आवश्यकता होगी।



**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई गिफ्ट मिल सकता है। जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उनकी वह इच्छा आज पूरी हो सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं।



**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आप कुछ नए अनुबंध स्थापित करेंगे। भविष्य में आप धन को लेकर कोई बड़े इन्वेस्टमेंट की प्लानिंग करेंगे। आपको घर के कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपको बचत की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।



**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में आपको जुड़ने का मौका मिलेगा पिताजी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।



**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए पैतृक संपति संबंधित के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला सुलझेगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। किसी नए मकान की आप खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह डील फाइनल होती दिख रही है।



**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति काफी रुचि रहेगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपको यदि कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो वह बढ़ सकता है।



**कुंभ राशि:** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी। आपको अपने करियर पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि वैवाहिक जीवन में कुछ गलतफहमियां हैं, तो उन्हें दूर करने के प्रयास जारी रखें। आपकी संतान कहीं बाहर नौकरी के लिए जा सकती है।



**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। लव लाइफ जी रहे लोगों को अपने साथी से यदि कोई शिकायत थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी किसी नई संपत्ति की प्राप्ति होने से मन खुश रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड नागरिक संघर्ष मोर्चा का धरना दिल्ली में 13 फरवरी को



**सागर ( नि.प्र. )** बुंदेलखंड नागरिक संघर्ष मोर्चा विगत कई वर्षों से अंचल में रेल सुविधा बढ़ाए जाने सहित अनेक मांगों को लेकर लगातार संघर्ष करता रहा है मोर्चा के संरक्षक रघु ठाकुर के नेतृत्व में हो रहे धरने में

शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टर सर हरी सिंह गौर को भारत रत्न देने और खेल के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग दिल्ली में की जायेगी ।

बुंदेलखंड की स्वीकृत निम्न रेल लाइनों पर शीघ्र निर्माणकार्य शुरू करने जिनमें ललितपुर सागर होकर देवरी करेली से छिंदवाड़ा रेल मार्ग जिसका सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है,छतरपुर, शाहगढ़,बण्डा से सागर रेल मार्ग,ललितपुर चंदेरीसे गुना रेल मार्ग,भिंड से बांदा रेल मार्ग, दमोह हटा पन्ना से खजुराहो रेल मार्ग, झांसी से शिवपुरी रेल मार्ग के निर्माण से बुंदेलखंड के पिछड़े इलाके में रेल यातायात का सस्ता और सुगम साधन उपलब्ध कराना मोर्चा की प्राथमिकता है जरूआखेड़ा में राज्य रानी गाड़ी का स्टॉपपेज शुरू किया जाए और दक्षिण भारत के लिए गाड़ी शुरू हो रीवा से वर्धा तक सेवाग्राम एक्सप्रेस शुरू की जाए एवं बुंदेलखंड पर्यटन विकास की निगम की स्थापना हो । इन मंगों को लेकर बुंदेलखंड के हजारों आदमी दिल्ली में एकठा हो रहे हैं। जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधिगण सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता सहित कई जिलों के नागरिक हिस्सा लेंगे और अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाएंगे ।

### जिला पेंशन कार्यालय यथावत रखने मुख्यमंत्री/मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा



**सागर ( नि.प्र. )** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष/प्रांतीय महामंत्री हरिओम पाण्डेय के नेतृत्व में स्थानीय पेंशनर्स श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए ततपश्चात रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। तत्समय कमिश्नर कार्यालय में मौजूद विनय दुबे उपायुक्त को मुख्यमंत्री/मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंपा। हरिओम पाण्डेय अध्यक्ष/प्रांतीय महामंत्री ने घोषित किया है कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया गया है और आगामी माह में प्रदेश भर के सभी शाखाओं के पेंशनर्स भोपाल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल पेंशनर्स एसोसिएशन भी शामिल हुआ। संभागीय अध्यक्ष ब्रजबिहारी उपाध्याय ने ज्ञापन की मांगों का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य शासन ने हालिया आदेश कर प्रदेश के सभी संभागीय जिला पेंशन कार्यालय बंद कर दिये है जिससे अब आगे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए काफी कठिनाईयां आएगी। नियमानुसार सरकार को कम से कम जिले में पेंशनरों के हितों में एक स्थाई यूनिट बनाए रखना चाहिए। जिससे कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी आने वाली कठिनाईयों की पूर्ति करा सके। आज के कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता सुदामा प्रसाद रैकवार, बी.डी. साहू तहसील अध्यक्ष, राजू स्वर्णकार ग्रामीण अध्यक्ष, रघुनंदन तिवारी, राज्य विद्युत मण्डल पेंशन एसोसिएशन से अरबिंद जैन, रामलखन श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, डी.एस. राजपूत, आर.के. शुक्ला, राजेन्द्र सिंह चंदेल, राजेश आनंद खरे, श्रीमति सकुन सोनी, शिवराज सिंह ठाकुर, राजेश दुबे, अनिल भट्ट सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### विधान के चौथे दिन 512 अर्घ चढ़ेंगे, राज्य मंत्री टेटवाल आएंगे

**सागर ( नि.प्र. )** केंद्रीय जेल सागर में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के तीसरे दिन 256 अर्घ चढ़ाए गए कार्यक्रम के चौथे दिन प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे चौथे दिन 512 अर्घ चढ़ाए जाएंगे ।मुकेश जैन ढाना ने बताया कि कार्यक्रम के तीसरे दिन जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी, सागर के प्रधान न्यायाधीश एमके शर्मा और रजिस्टर पालीवाल जेल पहुंचे और हथकरघा का निरीक्षण किया और बंदियां से चर्चा की। हथकरघा की प्रशंसा करते हुए न्यायमूर्ति निरंकारी ने कहा आचार्य श्री के द्वारा जेल में हथकरघा प्रारंभ कराने से कैदियों को यहां से छूटने के बाद आत्मनिर्भर बनने में कोई दिक्कत नहीं होगी और उनके परिवारों का भरण पोषण आराम से हो सकेगा इसके पश्चात मुनि श्री निष्कम्प सागर महाराज और मुनि श्री निष्काम सागर महाराज से आशीर्वाद लिया जेल में प्रसिद्ध कवि लक्ष्मण नेपाली, अजय अहिंसा, मनीषा जैन, अखिल जैन आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ सुनाएं विधान के चौथे दिन दोपहर में मुनि संघ के द्वारा सभी कैदियों को उनके द्वारा किए गए अपराधों से बचने के लिए प्रायश्चित करने के तरीके बताए जाएंगे ब्र डॉ रेखा दीदी और नीलम दीदी के निर्देशन में विधान चल रहा है। विधान का आयोजन लगातार 7 वर्ष से केंद्रीय जेल में हो रहा है।

### रोटेरियन ऋतुराज जैन असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त




**सागर ( नि.प्र. )** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3040 का 2 दिवसीय मार्गदर्शक सेमिनार विगत दिवस, रणथम्भौर राजस्थान मैं संपन्न हुआ। जिसमें रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3040 के आगामी वर्ष 26-27 का गठन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब सागर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन ऋतुराज जैन को गवर्नर संस्कार कोठारी एवं दीप्ति कोठारी द्वारा असिस्ट गवर्नर का नियुक्ति पत्र सौपा गया। रो ऋतुराज जैन को ये जवाबदारी उनके रोटरी अनुभव और उनके सक्रिय सामाजिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के कारण दी गई। उनका सागर और विदिशा जिला की जवाबदारी सौंपी गई है। इसके इलावा रोटरी क्लब सागर फ़ीनिक्स से रो अभिषेक जैन को भी असिस्टेंट गवर्नर बनाया गया है जिनके पास सागर और खुरई का कार्य होगा और रोटरी क्लब सागर सेंट्रल से रो. विजय भूषण वर्मा को रिजनल कोऑर्डिनेटर और रो अभिनव जैन को डिस्ट्रिक्ट सहायक सचिव का पद भी दिया गया है। आगामी गवर्नर रो मुकेश साहू भी उपस्थित थे।ऋतुराज जैन की इस उपलब्धि पर रोटरी क्लब सागर के अध्यक्ष रो आशीष सिंह, सचिव रो नितिन साहू, वरिष्ठ रोटेरियन राम कुमार पाठक, रो प्रिंस जैन,रो अर्पित अग्रवाल, रो डा सुबोध जैन, कुलपति रो यशवंत ठाकुर , शशांक जैन, रो सहित पूरे रोटरी परिवार और सागर के अनेक गणमान्य लोगो ने उन्हें बधाई दी है।

# सब्जी मंडी: दूसरे सोमवार को ही साप्ताहिक अवकाश का निर्णय रद्द !

## किसानों की परेशानी के आगे बदला फैसला

( नि.प्र. )

सागर। पुरानी गल्ला मंडी स्थित थोक एवं फुटकर सब्जी मंडी में साप्ताहिक अवकाश का जो निर्णय बड़े उत्साह के साथ लिया गया था, वह जमीनी हकीकत की आंच में दूसरे सोमवार को ही दम तोड़ गया। मंगलवार को 'आदर्श थोक फल एवं सब्जी विक्रेता संघ' ने औपचारिक घोषणा करते हुए इस फैसले को लगभग रद्द कर दिया है। अब सोमवार को मंडी में कोई अनिवार्य बंदी नहीं होगी और कारोबार पहले की तरह ही बदस्तूर जारी रहेगा।

संघ के अध्यक्ष राजकुमार धामेचा ने स्पष्ट किया कि थोक और फुटकर व्यापारी अब अपनी स्वेच्छा से दुकानें बंद रख सकते हैं, लेकिन काम करने वाले किसी भी व्यवसायी पर संघ की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। दरअसल, इस फैसले के पीछे की सबसे बड़ी वजह किसानों का आर्थिक नुकसान और माल की बर्बादी बनी।

किसानों का नुकसान और माल की खराबी

फरवरी के पहले सोमवार से शुरू हुई इस व्यवस्था का सबसे बुरा असर उन किसानों पर पड़ा, जो हर सुबह अपनी मेहनत की फसल लेकर मंडी पहुँचते हैं। किसानों का तर्क था कि खेत में लगी हरी सब्जियां जैसे धनिया पत्ती, मूली, फूलगोभी और पत्ता गोभी 'हॉलिडे' का इंतजार नहीं करतीं। एक दिन भी मंडी बंद रहने से खेत में फसल अधिक पक कर खराब हो



फाईल फोटो

जाती है या मंडी में रखे-रखे अपनी ताजगी खो देती है। फल व्यापारियों ने भी चिंता जताई कि चीकू और संतरे जैसे संवेदनशील फलों को एक दिन रोकने से उनका रंग और गुणवत्ता गिर जाती है, जिससे बाजार में उन्हें कौड़ियों के दाम बेचना पड़ता है।

### शहर में मची मूली- धनिया की किल्लत

इस सोमवार को जब मंडी पूरी तरह बंद रही, तो इसका असर शहर के रसोई घरों तक पहुँचा। कटरा बाजार, गोपालगंज, सिविल लाइन और बड़ा बाजार जैसे प्रमुख इलाकों में हरी सब्जियों की भारी किल्लत देखी गई। मंडी बंद होने से जमाखोरों को मनमर्जी दाम वसूलने का मौका मिल गया, जिससे आम नागरिक भी खासे परेशान हुए। अंततः छोटे व्यवसायियों और किसानों के चौतरफा विरोध और व्यापारिक घाटे को देखते हुए संघ ने अपने कदम पीछे खींचना ही बेहतर समझा। यह घटना बताती है कि 'सप्लाई चेन' और खराब होने वाली वस्तुओं के संबंध में बिना ठोस प्लानिंग के लिया गया कोई भी फैसला टिक नहीं पाता।

## सराफा बाजार में शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन




( नि.प्र. )

सागर। जिला सराफा एसोसिएशन एवं क्षत्रिय स्वर्णकार संघ सागर के द्वारा मंगलवार की शाम 5 बजे सराफा बाजार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सराफा एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष गोविंद जड़िया ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, वहीं समाज के वरिष्ठ और पूर्व महापौर इंजी अभय दरे ने और शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी ने शपथ दिलाई। इस मौके पर महामंत्री महेश सोनी पीपल वाले और कोषाध्यक्ष ब्रजेश सोनी ने भी शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान एसोशिएशन के सदस्यों ने समाज के वरिष्ठ जनों, सीएसपी ललित कश्यप, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंघल, मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत, गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा, पत्रकार पंकज सोनी, शिवम साहू, हेमंत नवरंग, नितिन भट्ट और ऋषि वर्मा साथ ही पत्रकार पंकज सोनी को जिला सराफा एसोसिएशन का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सम्मान समारोह में एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष माखन सोनी बिछुआ वाले, प्रशासनिक प्रभार के जिला अध्यक्ष विनीत सोनी नेपाली, जिला व्यवस्थापक अध्यक्ष संतोष सोनी मारुती एवं कार्यवाहक अध्यक्ष संजय सोनी पंड, जिला प्रबंधक राजू बम का सम्मान किया गया साथ ही जिला संगठन सहमंत्री संजीव जड़िया, मनोज गुजरया, बालकृष्ण सोनी, लबेश चौधरी, देवेंद्र सोनी, गुड्डू सोनी, दीपांशु सोनी बनाये गये उनका भी सम्मान किया गया।

### अंशदायी कैशलेश हेल्थ इंश्योरेंस योजना प्रारंभ करने के परिपत्र जारी किये

**सागर ( नि.प्र. )** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के सघन प्रयासों एवं विद्युत कंपनियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता द्वारा की गई बैठकों के बाद मप्र विविकंलि पूर्व क्षेत्र जबलपुर ने अपने पेंशनर्स के लिए 01.02.2026 से उपरोक्त योजना लागू कर दी है। इसी क्रम में मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड जबलपुर ने अपने परिपत्र दिनांक 10.02.2026 से अपने पेंशनर्स एवं फेमिली पेंशनर्स के लिए अंशदायी कैशलेश हेल्थ इंश्योरेंस योजना हेतु उनके द्वारा चयनित विकल्प अनुसार माह फरवरी 2026 की पेंशन से कटौती प्रारंभ की जायेगी। उपरोक्त योजना का लाभ वर्णित पेंशनर्स के लिए 01 मार्च 2026 से प्रारंभ हो जाएगा। यह जानकारी विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ सागर के अध्यक्ष राजकुमार भट्ट , कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश प्रसाद विश्वकर्मा, सचिव श्रवण कुमार चौरसिया, सहसचिव संजय कुमार भाटिया ने देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। तथा मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र कंपनी से उपरोक्त योजना का लाभ शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।

# मारपीट के तीन मामलों में आरोपी गिरफ्तार

## एक मामले में शासकीय शिक्षक से की थी मारपीट

( नि.प्र. )

सागर। विनेयका थाना पुलिस ने तीन मारपीट के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### पहला : शिक्षक से मारपीट एवं जातिगत अपमानित करने का मामला

थाना प्रभारी भूपेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि 24 दिसम्बर 24 को ग्राम सिलापरी स्थित शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक फरियादी हरिराम अहिरवार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी कल्यान सिंह पिता राजपाल सिंह बुंदेला निवासी ग्राम सिलापरी घटना दिनांक को बिना अनुमति विद्यालय में घुस आया तथा फरियादी के साथ जातिगत अपमान करते हुए मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना विनायका में मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी की लगातार तलाष की गई। जिसे मंगलवार को ग्राम विनायका से राउंडअप किया गया। अजाक थाना प्रभारी अनिल तिवारी द्वारा विवेचना उपरांत आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### दूसरा: शराब के लिए पैसे न देने पर सगे भाई से मारपीट

थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार को फरियादी जसरथ पिता शिवलाल अहिरवार निवासी ग्राम बेसली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके छोटे भाई गोपाल अहिरवार द्वारा शराब पीने के लिए पैसे मांगे गए। पैसे देने से मना करने पर आरोपी द्वारा फरियादी के साथ लात-घूंसे से मारपीट की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मंगलवार को आरोपी गोपाल पिता शिवलाल अहिरवार निवासी ग्राम बेसली को कारसदेव मंदिर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय बंडा में प्रस्तुत किया गया।

### तीसरा: पड़ोसी से शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट

थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को फरियादी गोविंद पिता पंचम लोधी निवासी ग्राम भरतपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका पड़ोसी राममिलन उर्फ मिलन लोधी ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए 300 रुपये की मांग की। रुपये देने से मना करने पर आरोपी द्वारा फरियादी के साथ मारपीट की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मंगलवार को आरोपी राममिलन उर्फ मिलन पिता खूबसिंह लोधी निवासी ग्राम भरतपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय बंडा में पेश किया गया।

## सागर में छात्रों का आक्रोश

# NSUI ने निकाला मशाल जुलूस

( नि.प्र. )

सागर। 'जागो सागर जागो' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सागर शहर में मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह मशाल जुलूस बढ़ती बेरोज़गारी, सागर में लगातार बढ़ते अपराध, अफसरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न न दिए जाने जैसे ज्वलंत मुद्दों के विरोध में निकाला गया। मशाल जुलूस तीनबत्ती चौराहे से प्रारंभ होकर राधा तिराहे तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र, युवा एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर शासन-प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। जिला अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज सागर का युवा बेरोज़गारी और असुरक्षा से जूझ रहा है, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो NSUI आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देगी। जनता की



आवाज़ को अनसुना करने की स्थिति में सागर में लगातार लोकतांत्रिक और जनआंदोलनों की श्रृंखला चलाई जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार पचौरी ,सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, संदीप सबलोक,राहुल खरे, चैतन्य कृष्ण पांडे,जिला उपाध्यक्ष अम्बर खत्री, शहवाज कुरैशी विश्वविद्यालय अध्यक्ष अंशुल शर्मा, आर्ट एंड कॉमर्स अध्यक्ष कपिल तिवारी, प्रसून पटेल देव पाठक ऋषि शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घायल 3 व्यक्तियों को पहुंचाया अस्पताल

**सागर ( नि.प्र. )** जिले के थाना खुरई क्षेत्र अंतर्गत खुरई-रजवास रोड पर साईकिल एवं मोटर साईकिल की टक्कर से 3 व्यक्ति घायल हो गए। सोमवार की रात सवा 9 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। जिसमें तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता बताई गई। सूचना मिलते ही बिना किसी विलंब के थाना खुरई क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरवी वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक अशोक कुमार एवं पायलट शिवकुमार दांगी ने स्थिति का त्वरित निरीक्षण किया। दुर्घटना में तीनों व्यक्ति घायल अवस्था में पाए गए। डायल-112 जवानों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को प्राथमिक सहायता दी गई

## बीएमसी में मिला नवजात को नयाजीवन

### दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहा था नवजात

( नि.प्र. )

सागर। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग ने जन्म के तुरंत बाद पेरिनेटल चिकनपॉक्स जैसी दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे एक नवजात को डॉक्टरों की टीम ने मौत के मुँह से बाहर निकाल लिया। वेंटिलेटर सपोर्ट और आइसोलेशन में रखकर बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ कर दिया। परिजनों के अनुसार जन्म के बाद नवजात को सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही थी। बच्चे को बीएमसी में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर बच्चे की स्थिति इतनी नाजुक थी कि वह स्वयं सांस भी नहीं ले पा रहा था। जिसके बाद उसे तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार जन्म के समय चिकनपॉक्स का संक्रमण एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति है। जो 1 लाख में से किसी एक बच्चे को होती है। इसमें मृत्यु दर 50 प्रतिशत तक होती है। यानी संक्रमित होने वाले आधे बच्चे दम तोड़ देते हैं। विभागध्यक्ष डॉ. आशीष जैन के मार्गदर्शन और डॉ. अजीत असाटी व डॉ. महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने पूरी सावधानी के साथ बच्चे को आइसोलेशन में रखा। टीम में डॉ. रूपा अग्रवाल, डॉ. अंकित जैन, डॉ. अंकित जैन (सीनियर), डॉ. हर्ष पाटीदार, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. दिव्याश्री बघेल, डॉ. यश सोनी और डॉ. एसके पांडे सहित नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा।मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि नवजात की हालत में अब उल्लेखनीय सुधार है। बच्चा अब बिना वेंटिलेटर के स्वयं सांस ले रहा है और सामान्य रूप से दूध भी पी रहा है।

### एसएम ऑटोमोबाइल डीलरशिप का उद्घाटन

**सागर ( नि.प्र. )** दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की अग्रणी निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने मध्य प्रदेश के सागर में अपनी ऑथोराइज़्ड डीलरशिप एसएम ऑटोमोबाइल की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नई युनिट क्षेत्र में टीवीएस मोटर कंपनी की रीटेल मौजूदगी को सशक्त बनाएगी तथा उपभोक्ताओं को सुलभ एवं बेहतर अनुभव प्रदान करने पर कंपनी के फोकस को दर्शाती है। सागर (खुरई रोड़) पर स्थित एसएम ऑटोमोबाइल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह डीलरशिप उपभोक्ताओं के लिए वाहन की खरीद के अनुभव को बेहद सहज बना देगी। डीलरशिप में टीवीएस मोटर कंपनी के व्यापक पोर्टफोलियो ;पैसेंजर एवं कार्गो सहितद्ध को दर्शाया गया है, जो मोबिलिटी संबंधी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करते हैं।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण हेतु रथयात्रा 16 फरवरी से

## आश्वासन देने के बाद भी वायदा पूरा न करने वाले भाजपा नेताओं को सबक सिखाएंगे: भानू सहाय

( नि.प्र. )

सागर। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के निवासी वर्षों से अपने अलग राज्य की माँग करते आ रहे हैं। वर्ष 2014 में देश की जनता से बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का वादा किया गया था, जिस पर विश्वास करके बुन्देलियों ने सरकार को भारी समर्थन दिया। दुर्भाग्यवश, 12 वर्षों के बाद भी यह वादा पूरा नहीं किया गया। इससे बुंदेलखंड की जनता स्वयं को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारा क्षेत्र बेरोजगारी, गरीबी, सूखा, पलायन, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए बिना इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। बार-बार आश्वासन देने के बाद भी ठोस कदम न उठाना जनता के साथ विश्वासघात है।सागर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भानू सहाय ने बताया कि वनवासी राम (चित्रकूट) से राम राजा सरकार के चरणों (ओरछा घाम) तक की अखण्ड बुंदेलखंड क्षेत्र यात्रा 16 फरवरी से 13 मार्च तक प्रथम चरण की जनआक्रोश रथ यात्रा की जा रही है। रथ यात्रा




का मार्ग चित्रकूट, बांदा, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, ललितपुर, दतिया, उरई, हमीरपुर, महोबा, छतरपुर, निवाड़ी, झांसी देहात, झांसी एवं ओरछा में यात्रा सम्पन्न होगी। रथ यात्रा में एक लाख संघर्ष करने वाले बुंदेली योद्धा तैयार किए जाएंगे जो बुन्देलखण्ड क्षेत्र के हर गांव और मजरों से होंगे। रथ यात्रा में बुंदेलखंड राज्य का समर्थन नहीं करने वाले जनप्रतिनिधियों को आईना दिखाने के लिए 'राम कौ कॉल' (राम की कसम) अभियान पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है. इस बार गंगाजली भी उठवाई जाएगी। इस दौरान डॉ. अंकलेश्वर दुबे, डॉ. विवेक तिवारी, रघुराज शर्मा और हनीफ खान भी उपस्थित थे। भानु सहाय ने बताया कि यह रथ यात्रा लगभग 350 ग्रामों तक पहुंचेगी। ग्रामों में चौपाल लगाकर प्रथक बुंदेलखंड की मांग जनता तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, आप पार्टी ,बसपा, हिन्दु वाहिनी, बजरंग दल जैसे संगठनों ने हमारी मांग का समर्थन करते हुए रथ यात्रा को सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारतीय ने सबसे ज्यादा झूठ बोलकर अंचल की जनता को धोखा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ग्रहमंत्री अमितशाह, केन्द्रीयमंत्री राजनाथ सिंह ने भी प्रथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग का आश्वासन दिया था जिससे उन्होंने पूरा नहीं किया। आगामी चुनाव में झूठ बोलने वालों को क्षेत्र की जनता के सहयोग से सबक सिखाएंगे। यात्रा के समापन पर 15 मार्च झांसी में प्रधानमंत्री गृहमंत्री और राजनाथ सिंह के पुतले जलाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सागर जिले में यह रथ यात्रा 19 फरवरी को परसोरिया, सानौधा मकरोनिया होकर आएगी। 20 फरवरी को सागर शहर में भ्रमण करते हुए पगारा, उल्दन, धामोनी होकर महरोनी होते हुए टीकमगढ़ पहुंचेगी।




# काली पड़ गई है चांदी? इन 3 घरेलू तरीकों से मिनटों में चमकाए

वैसे आजकल चांदी के दाम तो आसमान छू रहे हैं। चांदी आभूषण रोजाना पहनने से काले जरुर पड़े जाते हैं। हर महिला चांदी की पायल व बिछिया जरुर पहनती हैं। गौरतलब है कि चांदी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है, लेकिन समय के साथ इनका काला पड़ना एक आम समस्या है। साल 2026 में चांदी की कीमतों में भारी उछाल सामने आया है, जहां इसकी कीमत 3,00,000 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गया है। इसलिए आपको पुरानी चांदी सिर्फ गहना नहीं है, बल्कि एक कीमती निवेश भी है। अक्सर हवा में मौजूद सल्फर के संपर्क में आने से चांदी पर काली परत जम जाती है, जिससे वह पुरानी दिखने लगती है। आइए आपको बताते हैं चांदी की ज्वेलरी को नया जैसा कैसे चमकाएं।

## फिटकरी वाला तरीका आएगा काम

ज्वेलरी को साफ करने के लिए आप फिटकरी और एल्युमिनियम फॉयल वाला तरीका अपना सकती हैं।

### घोल कैसे बनाएं?

सबसे पहले आप कांच या प्लास्टिक के बाउल में एल्युमिनियम फॉयल बिछाएं। अब इसमें अपनी ज्वेलरी रखें और ऊपर से 1 चम्मच बेकिंग सोडा और 1 चम्मच फिटकरी डालें। अब इसके ऊपर गर्म पानी डालें।

## चाय पत्ती और डिटर्जेंट का घोल

वैसे यह तरीका उन गहनों के लिए बढ़िया है जिसमें बारीक नक्काशी होती है और गंदगी अंदर तक फंसी होती है।

### घोल बनाने का तरीका

– सबसे पहले आप एक कप पानी उबालें। फिर इसमें एक चम्मच चाय पत्ती और आधा चम्मच डिटर्जेंट डालें।

– पानी उबाल आने तक रुके फिर गैस बंद कर दें।

घोल का इस्तेमाल करने का तरीका

– पानी उबलने लगे, तो इसमें अपनी चांदी की ज्वलेरी डाल दें और 2–3 मिनट तक उबलने दें।

– फिर अपनी गैस को बंद कर दें और 10 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।

– इसके बाद, पानी से निकालकर ब्रश से हल्का साफ करें। चाय पत्ती में मौजूद टैनिन और डिटर्जेंट मिलकर गहरे से गहरा कालापन काट देते हैं।

## नमक का घोल लाएगा चांदी की ज्वेलरी पर नई वाली चमक

आप घर पर ही चांदी की ज्वेलरी को साफ करने के लिए नमक का आसान और असरदार तरीका अपना सकती हैं। इसके लिए नमक से एक खास घोल तैयार किया जाता है, जिसकी मदद से चांदी पर जमी गंदगी और कालापन आसानी से हटाया जा सकता है और ज्वेलरी फिर से चमकने लगती है।

### कैसे बनाएं घोल?

– सबसे पहले आप एक आधा कप सफेद सिरका लें।

– इसमें अब 2 बड़े चम्मच नमक मिलाएं।

– इसके बाद चम्मच की मदद से मिलाएं।

कैसे करें घोल का इस्तेमाल?

– इस मिश्रण में अपनी चांदी की ज्वलेरी को डुबोकर 2 से 3 घंटे के लिए छोड़ दें।

– सिरके का एसिडिक गुण चांदी की सतह से ऑक्सीडेशन को खत्म कर देगा। – जब समय पूरा हो जाए तो इसे ठंडे पानी से धोकर मुलायम सूती कपड़े से सुखा लें। इसकी चमक देखकर आप हैरान हो जाएंगे, बिल्कुल नए जैसा गहना दिखेगा।

# बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बचपन से पौष्टिक भोजन खाने प्रेरित करें



स्वस्थ खाना, बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। स्वस्थ खाने से बच्चे ऊर्जावान बने रहते हैं तथा बच्चों का दिमाग भी तेज होता है। बच्चों में स्वस्थ खाने की आदत भी परिवार के सदस्य ही डाल सकते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि बच्चों को हर खाद्य पदार्थ के अच्छे और बुरे पहलुओं से अवगत कराया जाए जिससे बच्चों में बचपन से ही स्वस्थ और अच्छे खान पान की आदत बन जाए।

## जंक फूड के नुकसान

जंक फूड की ओर बच्चे जल्दी आकर्षित होते हैं लेकिन बच्चों को यह बताना बेहद जरूरी है कि जंक फूड शरीर को किसी भी मायने में फायदा नहीं पहुंचाता। बच्चों को वही भोजन देना चाहिए जो पोषक तत्वों से भरपूर हो। अच्छे पोषक तत्व मोटापा, कमजोर हड्डियां आदि से बचने में सहायता करते हैं।

## बच्चों के लिए आवश्यक पोषक तत्व

बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए जरूरी है कि हम ऐसे आहार का पालन करें जिससे बच्चें को पूरे पोषण मिल सकें। इसके लिए नीचे दिए गए डाइट प्लान का भी पालन किया जा सकता है।

होल ग्रेन : इसके अंतर्गत बच्चों को व्हीट पेन केक, मल्टीग्रेन टोस्ट, व्हीट ब्रेड का सैंडविच, ब्राउन राइस आदि दिए जा सकते हैं। अन्य होल ग्रेन भी बच्चों को स्वादिष्ट रूप में दिए जा सकते हैं। अनाज का दलिया, अनाज का आटा, मक्का और गेहूं की रोटियां आदि दी जा सकती हैं।

प्रोटीन : बच्चों को प्रोटीन की वैरायटी आहार के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित करें जैसे अंडे, मछली, चिकन, बेक्ड बीन और दालें आदि।

विटामिन और खनिज : विटामिन और खनिज की आपूर्ति के लिए एक बार चिकित्सक से परामर्श करें। बच्चे के वजन और आयु के हिसाब से बेहतर परामर्श मिल सकेगा।

आयरन : आयरन खून बनने के लिए एक महत्त्वपूर्ण खनिज है। हरी पत्तेदार सब्जी, आयरन के अच्छे स्त्रोत हैं। रोजाना बच्चों के भोजन का एक हिस्सा हरी सब्जियों का होना चाहिए।

फल और सब्जियां : फल और सब्जियों को स्नैक्स के तौर पर भी दिया जा सकता है। इसके अलावा सब्जियों का सूप बनाकर भी दिया जा सकता है। फल और सब्जियों में विटामिन और खनिज की मात्रा ज्यादा होती है। विटामिन और खनिज स्वस्थ त्वचा, अच्छी ग्रोथ, विकास और संक्रमण से लड़ने के लिए आवश्यक हैं। सब्जियों में फाइबर भरपूर मात्रा में होती है जिसमें विटामिन ए, सी और सुक्ष्म पोषक जैसे मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो बच्चों के शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है। विटामिन बी से भरपूर खाना साबुत अनाज, मांस और डेयरी प्रोडेक्टस है।

दूध और डेयरी उत्पाद : पनीर, दही, दूध से बनी पुडिंग आदि को शामिल करें। फुल क्रीम दूध भी बच्चों को दिया जा सकता है।

## चीनी की मात्रा कम करें।

बच्चों को आर्टिफिशियल शुगर लेने से रोकें, जैसे आर्टिफिशियल ड्रिंक, जूस आदि

किसी भी भोज्य पदार्थ को कम चीनी के साथ स्वादिष्ट बनाकर बच्चों को खिलाने की आदत डालें।

प्रोसेस्ड फूड से बच्चों को दूर रखें जैसे कि सफेद ब्रेड और केक आदि।

घर पर फलों और सब्जीयों को डालकर फ्रोजन करें और बच्चों की ड्रिंक्स में मिलाएं। बच्चों को घर पर ताजा जूस तैयार करके दें।

## नमक की मात्रा कम करें

एक टी–स्पून चम्मच में 2300 मिलीग्राम सोडियम होता है। ऐसे में बच्चों को कम नमक दें।

रेस्टोरेंट, प्रोसेस्ड और पैक्ड फूड से बच्चों को दूर रखें। ऐसे भोज्य पदार्थों में सोडियम होता है जो बच्चों को नुकसान पहुंचाता है।

डिब्बाबंद सब्जियों और फलों की जगह ताजे फल और सब्जियां खाने को दें। आलू चिप्स, फिंगर चिप्स आदि को कम खिलाएं।

## हेल्दी फैट भी है जरूरी

मोनो अन–सैचूरेटेड फैट जो पौधों से निकलने वाली वसा जैसे कनोला तेल, मूंगफली का तेल, जैतून का तेल और सूखे मेवे जैसे अखरोट, बादाम और कूद्दू और सीसम के बीज में पाया जाता है

पोली अन– सैचुरेटेड फैट जिसमें ओमेगा–3 और ओमेगा–6 शामिल रहता है। यह मछली, मक्का, सोयाबीन, फ्लैक्स सीड और अखरोट आदि में मिलता है। ट्रांस फैट जो टॉफियों, चॉकलेट, बेक्ड खाद्य पदार्थों, बिस्किट आदि में पाया जाता है।



# सुबह खाली पेट बच्चे को एक प्याज का रस निकाल कर पिलाएं, कीड़े की समस्या से राहत मिलेगी

बच्चों के पेट में कीड़े होना बेहद आम समस्या है, और लगभग 10 में से 7–8 बच्चों को यह समस्या होती ही है हालाँकि, कुछ समय तक तो यह पता भी नहीं चल पाता कि बच्चे को पेट में कीड़े हुए हैं। यह कीड़े बच्चे को अंदर ही अंदर बहुत परेशान करते हैं लेकिन यदि आप थोड़ी सी सावधानी बरतें, तो इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है, वह भी बिना किसी डॉक्टरी सलाह के।

ऐसे में, हम यहाँ कुछ ऐसी ही घरलू औषधियों के बारे में बता रहें हैं, जिनके प्रयोग से बेहद आसानी से पेट के कीड़ों से मुक्ति पाई जा सकती है। प्याज का रस– प्याज का रस पेट के कीड़ों के लिए बहुत कारगर होता है। सुबह खाली पेट बच्चे को एक प्याज का रस निकाल कर पिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से राहत मिलती है।

करेला– करेले का रस भी पेट के कीड़ों के लिए बहुत उपयुक्त होता है लेकिन, इसका सेवन बच्चे शायद न कर पाएं। लेकिन, यदि इस प्रकार की समस्या बड़े लोगों को हो तो वह इसका प्रयोग कर सकते हैं।

हल्दी– सुबह के समय खाली पेट एक चम्मच और बच्चा छोटा हो तो आधी चम्मच हल्दी का गुनगुने पानी के साथ सेवन कराने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। कच्ची हल्दी को गुड के साथ मिलाकर गोली बना कर सेवन भी किया जा सकता है।

निम्बू और शहद– नीबू पत्तों के रस को शहद में मिलाकर सुबह खली पेट चाटने से पेट के कीडे जल्दी ही मर जाते हैं।

गुनगुने पानी में नमक का सेवन– यदि गुनगुने पानी में सुबह के समय खाली पेट थोड़ा सा साधारण नमक डालकर सेवन किया जाए तो पेट के कीड़े बहुत जल्दी मरकर बाहर निकल जाते हैं।

टमाटर और काला नमक– टमाटर में एक दो चुटकी काला नमक मिला कर सुबह खाली पेट बच्चे को खिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से निजात मिलती है।

लहसुन की चटनी– लहसुन की चटनी भी पेट के कीड़ों में बहुत फायदेमंद होती है। इसके नियमित सेवन से पेट में कीड़े नहीं होते हैं।



# अब आलू उबालने के लिए पानी की नहीं जरूरत, बस एक चुटकी नमक करेगा काम



हमारे यहां पर कई तरह की चीजें खाई और बनाई जाती हैं। वहीं अगर आलू की बात करें, तो यह एक ऐसी सब्जी है, जो सभी चीजों के साथ एडजस्ट हो जाती है। परवल, गोभी, शिमला मिर्च जैसी कई सब्जियों में आलू मिलाया जाता है। वहीं आलू से कई तरह के स्नैक्स भी बनाए जाते हैं, लेकिन अगर सबसे ज्यादा कुछ पसंद किया जाता है कि, तो वह आलू का पराठा है। इसको बनाने के लिए आलू को उबालना जरूरी है।

उबले हुए आलू से सिर्फ पराठा नहीं बल्कि और भी बहुत कुछ बन सकता है। आमतौर पर लोग कुकर में पानी के साथ आलू उबालते हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि बिना पानी के भी आप आलू उबाल सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बिना पानी के आलू कैसे उबाल सकते हैं।

## ऐसे उबालें बिना पानी के आलू

सबसे पहले जितने आलू की जरूरत है ले लें और उनको अच्छे से धो लें। फिर इनका चाहें तो छिलका भी उतार सकती हैं। लेकिन छिलके के साथ आलू पकाने से उनमें मौजूद पोषक तत्व कम नहीं होते हैं।

आलू को सीधे प्रेशर कुकर में रख दें और इसमें बिल्कुल भी पानी न डालें।

इसमें ऊपर से थोड़ा सा नमक छिड़क दें और चाहें तो इसमें हल्का सा मसाला भी डाल सकती हैं। इससे आलू में स्वाद आ जाएगा।

अब कुकर का ढक्कन बंद करके इसको मीडियम फ्लेम पर पकने के लिए रख दें। वहीं एक सीटी आते ही गैस बंद कर दें। फिर कुकर से अपने आप प्रेशर निकलने दें।

## आलू पक गए हैं कि? नहीं कैसे करें चेक

जब कुकर का पूरा प्रेशर निकल जाए, तब कम से कम 10 मिनट बाद ढक्कन खोलें। फिर आलू में नुकीली चीज या चाकू लगाकर चेक करें कि आलू पकी हैं या नहीं। अगर नुकीली चीज आसानी से अंदर चला जाए, तो समझ जाएं कि आलू पूरी तरह से पक चुके हैं। इस तरीके से आलू की अपनी नमी और कुकर की भाप भी उसे नरम बना देती हैं। पानी न होने के कारण आलू में एक्स्ट्रा पानी नहीं आता है। इससे इसका स्वाद भी नहीं बिगड़ता है।

## सही तरीका

बता दें कि आलू उबालते समय सही साइज का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। छोटे आलू जल्दी पक जाते हैं और बड़े आलू थोड़ा अधिक समय लेते हैं। अगर आलू ज्यादा बड़े हैं, तो इनको आधा काट लेना सही है। इससे सी आलू एक साथ पक जाते हैं।

# रेस्टोरेंट वाला स्वाद अब घर पर! बनाएं क्रीमी कोरिएंडर सोया



टेस्टी खाना हर किसी को पसंद होता है। स्वादिष्ट खाना के लिए हम सभी रेस्टोरेंट जाते हैं और वहां के खाने का लुत्फ उठाते हैं। अब आप घर पर ही टेस्टी खाना बना सकते हैं। घर पर बनाएं क्रीमी कोरिएंडर सोया, सबको पसंद आएगी। इस डिश को बच्चों से लेकर बड़े भी पसंद करेंगे। जब आपके घर में गेस्ट आएं, तो इसको जरुर बनाएं। अब आपको बताते हैं क्रीमी कोरिएंडर सोया कैसे बनाएं।

क्रीमी कोरिएंडर सोया बनाने की विधि

– सबसे पहले आपको सोया चंक्स को पानी में उबाल लें।

– अब इसका सारा पानी निकाल लेना है और निचोड़कर ड्राई कर लेना है।

– फिर इसमें आपको कॉर्नफ्लार, धनिया पाउडर, लाल मिर्च और अदरक–लहसुन का पेस्ट डालना है और इन सभी चीजों को कोट करना है।

– अब आप इसे सोया को पैन में तेल डालकर थोड़ा–सा फ्राई करना है।

– फिर बारीक कटी हुई प्याज, लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालनी है।

– इसके बाद इसमें आपको करी पत्ता डालना है।

क्रीमी कोरिएंडर सोया को कैसे करें तैयार?

– अब आपको मिक्सी के जार में लो फैट पनीर डालना है।

– फिर काजू और पानी डालकर पेस्ट को तैयार कर लें।

– अब इसमें स्वादानुसार नमक को मिक्स करें।

– आखिर में काली मिर्च को इसे ग्रेवी में ऐड करें।

किस तरह सर्व करें क्रीमी कोरिएंडर सोया

– आपको सबसे पहले एक बड़ा बाउल लें।

– फिर इसको आपको सर्व करें।

– इसके साथ आप खाने के लिए रोटी या नान सर्व करें।

# टी-20 विश्वकप : न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया



चेन्नई, (वार्ता)।

टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई। फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबाद 84 रन बनाये। इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये। इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आलीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली। मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये। यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिये। जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## नामीबिया पर नीदरलैंड्स की जीत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बास डलीडे ( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओडाउड (सात) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया। लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली। कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। बास डलीडे ने 48 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाये। नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रंपलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फ्रायलिंक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।नीलदरलैंड्स् ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में लॉरेन स्टीनकैंप (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोल लॉफ्टी-ईटन ने यान फ्रायलिंक के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 10वें ओवर में लोगन वैन बीक ने 26 गेंदों में 30 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में बास डलीडे ने कप्तान एरार्ड इरास्मस नौ गेंदों में 18 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में वैन बीक ने निकोल लॉफ्टी-ईटन को आउट कर नामीबिया को चौथा झटका दिया।



निकोल लॉफ्ट ईटन ने 38 गेंदों में दो छक्के और एक चौके की मदद से 42 रनों की पारी खेली। जेजे स्मिट (22), जेन ग्रीन (नौ), रुबेन ट्रंपलमन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। नामीबिया ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। नीदरलैंड्स के लिए लोगन वैन बीक और बास डलीडे ने दो-दो विकेट लिये। आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आकृति दहिया ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तिगत 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। आज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 354.2 का स्कोर किया। कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358.2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



एक और भारतीय निशानेबाज, आशी चौकसे, पोडियम फिनिश से चूक गईं, कुल 330.9 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले, मौदगिल, चौकसे और दहिया ने मिलकर टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1756 (86) स्कोर किया। कजाकिस्तान 1760 (90) के साथ टीम स्टैंडिंग में टॉप पर रहा, जबकि जापान ने 1730 (69) के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, विदरसा विनोद 590 (35) के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर रहे, लेकिन केवल रैंकिंग पॉइंट्स (आरपीओ) के लिए मुकाबला कर रहे थे। अंजुम मौदगिल 587 (30) के साथ तीसरे, आशी चौकसे 586 (32) के साथ पांचवें और आकृति दहिया 583 (24) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार 582 (20) के साथ नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने भी आरपीओ के लिए निशानेबाजी की। आज के जीते पदकों के साथ, चैंपियनशिप में भारत के मेडल की संख्या 18 हो गई है, जिसमें आठ स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

## रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बंगाल की जम्मू कश्मीर से होगी भिड़ंत

**कल्याणी (वार्ता)।** प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप कुमार घरामी (299) के शानदार बल्लेबाजी के बाद शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला रविवार को पहली बार क्वालीफाई करने वाली जम्मू कश्मीर से होगा आज यहां आंध्र प्रदेश ने कल के तीन विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरु किया। शाहबाज अहमद ने सुबह के सत्र में कप्तान रिकी भुई (30) को आउटकर बंगाल को चौथी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में सूरज सिंधु जायसवाल ने के वी शशिकांत को खाता खोलने का मौका भी नहीं दिया। सौरभ कुमार (एक) शाहबाज का शिकार बने। कालीडिंडी राजू (25) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये त्रिपुराणा विजय ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ आठवें विकेट के लिए 85 रन जोड़े और बंगाल के गेंदबाजों के परेशान रखा।

### एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी: प्रारब्ध मिश्रा की कप्तानी शतकीय पारी

## भोपाल डिवीजन ने 611 रन का स्कोर बनाया



खेल संवाददाता, भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर इंटर डिवीजनल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन के कप्तान प्रारब्ध मिश्रा ने शानदार नेतृत्व करते हुए नाबाद शतकीय पारी खेली। फैथ मैदान, भोपाल में खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन भोपाल डिवीजन ने जबलपुर डिवीजन के खिलाफ पहली पारी में 611 रन बनाकर बढ़त हासिल की। भोपाल डिवीजन ने अपने पहले दिन के स्कोर 5 विकेट पर 370 रन से आगे खेलते हुए 155 ओवरों में 611 रन बनाए। इस दौरान प्रारब्ध मिश्रा ने संयम और आत्मविश्वास के साथ 102 रन की नाबाद पारी खेली। तनिष्क यादव 86 रन और प्रतीक शुक्ला 43 रन बनाकर रन आउट हुए। जबलपुर डिवीजन की ओर से पारुश मंडल ने 4 विकेट लिए, जबकि अंचित ठाकुर और वंदित जोशी को 3-3 विकेट मिले। जवाब में जबलपुर डिवीजन ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 20.2 ओवरों में 1 विकेट पर 78 रन बना लिए। हर्ष मंगलानी 42 रन बनाकर आउट हुए, जबकि वंदित जोशी 32 रन पर नाबाद हैं।

## टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की टीम इंग्लैंड को चुनौती देने के लिए तैयार

मुंबई, (वार्ता)।

वेस्टइंडीज की टीम बुधवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए तैयार है। इंग्लैंड कागज पर भले ही पसंदीदा टीम हो, इस साल चार मैचों में हारा नहीं है और कैरिबियन पर हाल ही में जीत का इतिहास रहा है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में और खासकर जब वेस्टइंडीज अपने सबसे अच्छे फॉर्म में हो, तो कुछ भी हो सकता है। यह केवल एक मैच नहीं है, यह शिमरोन हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवेल के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि वेस्टइंडीज हमेशा से क्रिकेट की धड़कन क्यों रही है। बल्लेबाजी की बात की जाये तो हेटमायर और शाई होप लगातार अच्छा खेल रहे हैं। शाई होप ने इस सीजन में दस पारियों में 264 रन बनाए हैं, और बड़े हिटर्स के आने से पहले शांति से पारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच के ओवर्स में जबरदस्त फॉर्म में हैं, जो कुछ ही गेंदों में मैच का पासा पलट सकते हैं और निचले क्रम में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को कम मत समझिए।

वे एक ही ओवर में जबरदस्त प्रदर्शन करके हार के मुंह से जीत छीन सकते हैं। वेस्टइंडीज की गेंदबाजी भी उतनी ही खतरनाक है। स्कॉटलैंड के खिलाफ शेफर्ड के पांच विकेट और होल्डर की आईपीएल में भारतीय विकेटों पर पक्की स्किल्स उन्हें असली खतरा बनाती हैं, जबकि स्पिनर अकील होसेन और गुडाकेश मोती ऐसी चालाकी और स्पिन लाते हैं जो इंग्लैंड के बड़े खिलाड़ियों को भी चकमा दे सकती है। कल रात की हर गेंद खतरनाक होगी। इंग्लैंड इस मैच में नेपाल को एक बहुत करीबी ओपनर में हराने के बाद उतरेगा। उनके बैटिंग लाइनअप में फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर है। सॉल्ट के अटैकिंग स्ट्रोकप्ले और बटलर की किसी भी सिचुएशन में तेजी लाने की काबिलियत ने इंग्लैंड को लगातार तेज शुरुआत दी है, जिससे मध्यमक्रम को फायदा उठाने का मौका मिला है।



जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक बीच के ओवरों में मजबूती देते हैं और अच्छा स्कोरिंग रेट बनाए रखते हैं, जिससे यह पक्का होता है कि इंग्लैंड कभी भी बढ़त न खोए। बेथेल ने पहले मैच में 35 गेंदों पर 55 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, जबरदस्त फॉर्म में हैं, और टाइमिंग और पावर को मिलाकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ब्रूक का निडर अप्रोच, जो अपने पिछले मैच में 165.62 की स्ट्राइक रेट से खेले, इंग्लैंड की अग्रेसिव सोच को पूरा करता है, जबकि टॉम बैंटन अपनी मर्ज़ी से बाउंड्री पार करने की काबिलियत से एक्स्ट्रा फायरपावर देते हैं।

सैम करन और विल जैक्स की आखिरी गेंद पर जोड़ी गहराई और तेजी लाती है, जो पहले से ही मुश्किल स्कोर को एक मुश्किल लक्ष्य में बदल सकती है। करन धीमी गेंदों और कटर का चालाकी से इस्तेमाल करके इंग्लैंड को बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में तकनीकी बढ़त दिलाते हैं, जबकि शुरुआती मैच में जैक्स का 216 से अधिक का स्ट्राइक रेट कुछ ही ओवरों में मैच बदलने की उनकी काबिलियत दिखाता है। इंग्लैंड की गेंदबाजी में पेस, बाउंस और स्पिन का मिश्रण बना हुआ है। जोफ्रा आर्चर और ल्यूक वुड पेस अटैक को लीड करते हैं, जो शुरुआती मूवमेंट को डेक पर जोर से हिट करने और भारतीय पिचों पर बाउंस निकालने की काबिलियत के साथ मिलाते हैं। हालांकि नेपाल के खिलाफ अपने पहले मैच में उन्हें थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन दोनों बॉलरों के पास वेस्टइंडीज जैसी मजबूत टीम के खिलाफ वापसी करने और अहम ब्रेकथ्रू दिलाने का अनुभव और स्किल है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर घटाने की घोषणा की, सस्ता होगा कर्ज



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त की सीमांत लागत आधारित ऋण दरों (एमसीएलआर) में 12 फरवरी से कटौती की घोषणा की है जिससे कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है। एमसीएलआर वह दर जिससे कम पर कोई बैंक ऋण नहीं दे सकता। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया कि 12 फरवरी से एक साल और छह महीने के एमसीएलआर में पांच-पांच आधार अंकों (0.05 प्रतिशत) की कटौती की गयी है। एक साल का एमसीएलआर 8.75 प्रतिशत से घटकर 8.70 प्रतिशत रह जायेगा। इसी प्रकार, छह महीने का एमसीएलआर 8.50 प्रतिशत से कम होकर 8.45 प्रतिशत रह जायेगा। वहीं, एक दिन, एक महीने और तीन महीने के एमसीएलआर में कोई बदलाव नहीं किया गया है और ये क्रमशः 7.80 प्रतिशत, 7.90 प्रतिशत और 8.15 प्रतिशत पर स्थिर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर तथा अन्य नीतिगत दरों को यथावत रखा है।

## मोबाइल ग्राहकों की संख्या 124 करोड़ के पार

नयी दिल्ली (वार्ता)।

देश में मोबाइल ग्राहकों की संख्या दिसंबर 2025 में मासिक आधार पर 0.59 प्रतिशत बढ़कर 124.42 करोड़ के पार पहुंच गयी जिनमें 116.30 करोड़ सक्रिय ग्राहक हैं। इससे पहले नवंबर 2025 में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 123.70 करोड़ रही थी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के मंगलवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि शहरी और ग्रामीण दोंनों क्षेत्रों में मोबाइल ग्राहक बढ़े हैं। गत 31 दिसंबर को शहरी ग्राहकों की संख्या 71.20 करोड़ और ग्रामीण ग्राहकों की 53.22 करोड़ रही। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण के मुकाबले



अधिक तेज वृद्धि हुई है। शहरी क्षेत्र की मासिक वृद्धि दर 1.01 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की 0.02 प्रतिशत रही। देश में मोबाइल टेली-घनत्व 86.94 प्रतिशत से बढ़कर 87.38 प्रतिशत पर पहुंच गयी। शहरी क्षेत्रों में जहां टेली-घनत्व बढ़कर 139.08 प्रतिशत पर पहुंच गयी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 58.37 प्रतिशत से घटकर 58.36 प्रतिशत रह गयी। देश में ब्रॉड बैंड ग्राहकों की कुल संख्या 100.74 करोड़ रही। इसमें 96.21 करोड़ वायरलेस ग्राहक और 4.53 करोड़ वायरलाइन ग्राहक हैं। टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या 130.61 करोड़ पर पहुंच गयी। इसमें 125.88 करोड़ वायरलेस और 4.74 करोड़ वायरलाइन ग्राहक हैं। दिसंबर में कुल 85.3 लाख टेलीफोन ग्राहक बढ़े हैं जिसमें 82.1 लाख वायरलेस और 3.2 लाख वायरलाइन ग्राहक हैं।

ट्राई ने बताया कि दिसंबर में 1.61 करोड़ ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के लिए आवेदन किया है। ब्रॉडबैंड सेवा देनी वाली कंपनियों में 51.44 करोड़ (51.06 प्रतिशत) के साथ रिलायंस जिओ इंफोकॉम पहले नंबर पर रही। भारती एयरटेल 31.43 करोड़ (31.20 प्रतिशत) और वोडाफोन आइडिया 12.85 करोड़ (12.75 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## भेल की तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

### बुधवार को खुलेगा ओएफएस

**मुंबई (वार्ता)।** सरकार भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी जिसके लिए ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) बुधवार 11 फरवरी को खुलेगा। भेल ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि सरकार कंपनी के 10,44,61,901 इक्विटी शेयर बेचेगी जो उसकी कुल चुकाता पूंजी का तीन प्रतिशत है। इसमें खुदरा निवेशकों के लिए 1,04,46,189 शेयर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा ज्यादा प्रतिसाद मिलने पर 6,96,41,267 इक्विटी शेयर (दो प्रतिशत) अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का भी विकल्प रखा गया है। गैर-खुदरा निवेशकों के लिए ओएफएस 11 फरवरी को और खुदरा निवेशकों तथा कर्मचारियों के लिए 12 फरवरी को खुलेगा। ओएफएस के लिए प्रति इक्विटी शेयर न्यूनतम मूल्य 254 रुपये रखा गया है। कंपनी के दो रुपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर मंगलवार को 1.45 रुपये यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 276.05 रुपये पर बंद हुए। न्यूनतम मूल्य के आधार पर तीन प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर सरकार को कम से कम 2,653.33 करोड़ रुपये की आमदनी होगी।




## बिजली की मांग जनवरी में 4.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची: क्रिसिल

**मुंबई (वार्ता)।** उत्तरी और पूर्वी हिस्से में शीतलहर के कारण देश में बिजली की मांग जनवरी में 4.5 प्रतिशत बढ़कर करीब 143 अरब यूनिट पर पहुंच गयी जो कम से कम 2010 के बाद का रिकॉर्ड है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी के पूर्वार्ध में उत्तरी और पूर्वी भारत में भयंकर शीतलहर रही जिससे घरों को गर्म रखने के लिए बिजली की मांग में वृद्धि देखी गयी। पिछले साल जनवरी में बिजली की मांग 136 अरब यूनिट रही थी। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार 08 जनवरी से 14 जनवरी के बीच पश्चिमी और पश्चिमोत्तर भारत में औसत न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। उत्तर भारत में बिजली की मांग 5.5 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें औद्योगिक मांग का भी योगदान रहा। जनवरी में देश के विनिर्माण गतिविधियों का सूचकांक दिसंबर के 55 से बढ़कर 55.4 पर पहुंच गया। कुल मांग में औद्योगिक तथा वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का योगदान लगभग 50 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से जनवरी के दौरान बिजली की मांग में साल-दर-साल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी में उच्चतम मांग 245 गीगावाट रही जो 09 जनवरी की सुबह 9.52 बजे दर्ज की गयी। यह पिछले साल गर्मियों के दौरान रही 243 गीगावाट की उच्चतम मांग से अधिक है।



## रुपया 10 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक में जारी नरमी के बीच अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 10 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.56 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले दो दिन में 32 पैसे कमजोर हुई थी। सोमवार को यह एक पैसा टूटकर 90.66 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपया आज तीन पैसे की बढ़त के साथ 90.63 रुपये प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में 90.77 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। बाद में बैंकों की डॉलर बिकवाली से रुपया 90.48 प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। डॉलर सूचकांक लंबे समय बाद 97 से नीचे उतर गया है।

## शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

### प्रमुख सूचकांक एक महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 07 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। चौतरफा



लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। ऑटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। एनएसई में जिन 3,269 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,924 के हरे निशान में और 1,240 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर बढ़त में रहे। इटरनल का शेयर 5.19 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.89 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.79 और पावरग्रिड में 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा का शेयर 1.43 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.37, एलएंडटी का 1.36, टीसीएस का 1.26, मारुति सुजुकी का 1.17 और एक्सिस बैंक का 1.12 प्रतिशत चढ़ा।

हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.80 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 1.36 प्रतिशत टूट गया। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

## रिसर्च डेटा प्रोसेसिंग और एनालिसिस पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



**भोपाल।** द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के कॉमर्स डिपार्टमेंट के साथ मिलकर रिसर्च सेल ने 3 से 7 फरवरी तक माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और पावर बीआई का इस्तेमाल करके रिसर्च डेटा प्रोसेसिंग और एनालिसिस पर एक हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित की।

कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित, डिपार्टमेंट के हेड डॉ. आशीष दिलराज के मार्गदर्शन में और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. आरती मुदलियार के कोऑर्डिनेशन में, इस पहल का फोकस रिसर्च में डेटा एनालिसिस तकनीकों को लागू करने पर था। इस वर्कशॉप में एम कॉम, बी कॉम ऑनर्स और रिसर्च स्टूडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स और फैकल्टी मेंबर्स शामिल हुए। पार्टिसिपेंट्स को डेटा कलेक्शन के तरीके, एक्सेल का इस्तेमाल करके डेटा क्लीनिंग और प्रोसेसिंग, डिस्क्रिप्टिव स्टैटिस्टिक्स, कोरिलेशन और रिग्रेशन एनालिसिस, और पावर ब्क्ष्ठ के साथ इंटरैक्टिव डेटा विज़ुअलाइज़ेशन सहित कई क्षेत्रों में स्टेप-बाय-स्टेप ट्रेनिंग दी गई।

स्टैटिस्टिक्स, प्रोग्रामिंग और बिजनेस इंटेलिजेंस के सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स ने सेशन लिए, जिसमें रियल डेटासेट के साथ एक प्रैक्टिकल, रिसर्च-ओरिएंटेड सीखने का अनुभव दिया गया। सभी पार्टिसिपेंट्स को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा

# किसानों और मछुआरों की आर्थिक समृद्धि के लिए कार्य कर रही प्रदेश सरकार : डॉ. यादव

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के सभी किसानों और मछुआरों की आर्थिक समृद्धि के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को समर्पित करते हुए यह वर्ष मना रही है। मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। मछुआ सम्मेलन आयोजित कर मत्स्य पालन में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। सीड प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। प्रदेश में संचालित मत्स्य महासंघ के सुव्यवस्थित उपयोग के लिए भी कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में दिए।

### विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के विभागीय योजनाओं की प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विशेष प्रोजेक्ट, केज कल्चर इंदिरा सागर जलाशय, टेक्नोलॉजी डिफ्यूशन सेंटर, रिजर्वायर कलस्टर आधारित मत्स्य पालन और समन्वित मछली घर एवं अनुसंधान केंद्र का बैठक में रिव्यू किया। इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई एवं अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भोपाल वृत्त के लगभग 3 लाख उपभोक्ताओं को जनवरी में 2 करोड़ से अधिक की छूट

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्य क्षेत्र में 5 लाख 20 हजार 457 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए जनवरी 2026 में कुल 3 करोड़ 61 लाख 26 हजार की रियायत प्रदान की गई है। इसमें भोपाल शहरी एवं ग्रामीण वृत्त के 2 लाख 97 हजार 813 उपभोक्ताओं को 2 करोड़ 10 लाख 66 हजार रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह जनवरी 2026 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है। दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें और स्मार्ट मीटर लगवाने से न घबराएं। स्मार्ट मीटर उनके लिए हर तरह से फायदेमंद है और स्मार्ट मीटर की सटीक रीडिंग और बिलिंग के साथ ही कार्यप्रणाली में भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है।

स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोक्ताओं को ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद मिलती है। स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। ऐप से मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित किया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पर सात मार्च तक होगा गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन : सीएम

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को किया संबोधित

**भोपाल (नगर संवाददाता)**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं का उपार्जन के लिये पंजीयन 7 फरवरी से आरंभ हो गया है, यह 7 मार्च तक जारी रहेगा। प्रदेश में 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं का समर्थन मूल्य गत वर्ष से 160 रुपए अधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश मिला है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश देश के 5 शीर्ष राज्यों में शामिल है। सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रदेश में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुष्मान योजना के माध्यम से उपचार में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर योजना के क्रियान्वयन में भी निरंतर प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले हुए वंदे मातरम के सामूहिक गान के बाद, अपने संबोधन में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि सभी जिलों में विक्रमोत्सव और गुड़ी पड़वा का पर्व उल्लास और उत्साह से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके तत्काल बाद प्रदेश में जल गंगा अभियान आरंभ हो जाएगा जो 3 महीने तक जारी रहेगा। उन्होंने मंत्रीगण को अपने-अपने जिलों में अभियान की गतिविधियों के व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त करने के उपलक्ष में 9 फरवरी को बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल क्षेत्र की कृषि कैबिनेट बालाघाट में की जाएगी, जो पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाने के संकल्प का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को रेल के क्षेत्र में सिंगरौली जबलपुर ट्रेन की सौगात प्राप्त होने वाली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना है, इसके अंतर्गत जबलपुर और उज्जैन में गतिविधियां आरंभ हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां अभयारण्य हैं वहां रेस्क्यू सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिये पर्यटन, वन और संस्कृति विभाग समन्वित रूप से कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीतों के परिवार में वृद्धि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया मैं विलुप्त हो रही वन्य प्रजाति पुनर्जीवित हो रही है। प्रदेश में चीतों की संख्या 35 हो गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही और भी खुशखबरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इंदौर जू से भी व्हाइट टाइगर की संख्या में वृद्धि का शुभ समाचार है।

### धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया है, जो पिछली बार की एमएसपी से अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 51 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ। प्रदेश में 8 लाख 59 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 7 लाख 89 हजार से अधिक किसानों ने स्पॉट बुकिंग कर धान उत्पादन में अपना योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा इस वर्ष प्रदेश में गेहूं की पर्याप्त पैदावार होने की संभावना है, राज्य सरकार के पास भंडारण की समुचित व्यवस्था है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्र में वस्त्र उद्योग इकाई स्थापना की संभावनाओं को भी देखें तथा मूलभूत आवश्यकता वाले रोजगारपरक टेक्सटाइल यूनिटों की अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापना के लिए प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत दिवस हुई उनकी हरिद्वार यात्रा के संबंध में भी जानकारी दी।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. शुक्ल की जयंती पर किया नमन

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर विधानसभा परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री श्री पी.सी. शर्मा, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. शुक्ल के परिजन ने भी चित्र पर पुष्पांजलि की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 10 फरवरी 1930 को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जन्मे श्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, वर्ष 1985 से 1990 तक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ क्षेत्र में पदयात्राओं के माध्यम से जन जागरण का कार्य किया। लोकप्रिय जन नेता रहे श्री शुक्ल राज्य सरकार में विधि-विधायी एवं सामान्य प्रशासन मंत्री भी रहे। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद, उन्होंने 14 दिसंबर 2000 से 19 दिसंबर 2003 तक छत्तीसगढ़ के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने %असंसदीय अभिव्यक्तियां% नामक पुस्तक की संकल्पना की, जो विधायी कामकाज पर एक महत्वपूर्ण संदर्भ है। उन्होंने संसदीय मामलों सहित कई पुस्तक लिखीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष रहे व्यक्तित्वों की जयंती और पुण्यतिथि पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन में उन्हें स्मरण करने की परंपरा स्थापित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर की सराहना करते हुए उनका आभार माना।

## सेफर इंटरनेट डे 2026 पर एआई और साइबर जोखिमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** सेफर इंटरनेट डे-2026 के अवसर पर इस वर्ष की निर्धारित थीम एआई और उभरते साइबर जोखिम के तहत राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) मध्यप्रदेश राज्य इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और जागरूक उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा निदेशालय के आयुक्त श्री अवधेश शर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री कमलेश जोशी ने की। इस अवसर पर एनआईसी राज्य इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। साथ ही प्रदेश के सभी शासकीय एवं स्वायत्त इंजीनियरिंग तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षक एवं विद्यार्थी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग जहां विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इसके दुरुपयोग से साइबर अपराधों के नए स्वरूप सामने आ रहे हैं। एआई-सक्षम धोखाधड़ी, डीपफेक तकनीक, वॉयस क्लोनिंग, व्यक्तिगत संदेशों के माध्यम से ठगी और स्वचालित साइबर हमलों जैसे खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने साइबर स्वच्छता की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए मजबूत पासवर्ड का उपयोग, संदिग्ध लिंक या संदेशों से सावधानी, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचाव तथा नियमित रूप से डिजिटल उपकरणों के अपडेट रखने जैसे उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बताया गया कि सेफर इंटरनेट डे प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व के लगभग 160 देशों में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट एवं डिजिटल तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

## भोपाल नगर निगम की बड़ी कार्रवाई : पुराने शहर और 10 नंबर मार्केट से 6 ट्रक अतिक्रमण हटाया



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत आज एक बड़ी कार्यवाही की गई। निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने पुराने शहर के व्यस्ततम बाजारों और 10 नंबर मार्केट सहित शहर के कई अन्य क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर फुटपाथ और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। इस दौरान निगम की टीम ने 6 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान, ठेले और टेबल जप्त कीं।

**उत्तर और मध्य विधानसभा में विशेष अभियान :** निगम आयुक्त के निर्देशों के पालन में, अतिक्रमण विरोधी दलों ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के आजाद मार्केट, पीरगेट, जुमेराती, इतवारा और सिंधी मार्केट में कार्यवाही की। यहाँ सड़कों और सार्वजनिक स्थलों से ठेले, गुमठी, काउंटर और टेबल हटाकर 03 ट्रक सामान जप्त किया गया। वहीं, मध्य विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 नंबर मार्केट में दुकानों के बाहर और हॉकर कार्नर में अवैध रूप से बनाए गए टीनशेड, छप्पर और अन्य कब्जों को हटाया गया। यहाँ से भी 03 ट्रक सामान जप्त किया गया। पुराने शहर के अलावा निगम की टीम ने कोलार डीमार्ट, राजहंस कालोनी, दानिश चौराहा, शाहपुरा, 1100 क्वार्टर, लिंक रोड नं-1, एम.पी. नगर, डीबी मॉल के आसपास, अशोका गार्डन और भानपुर 80 फीट रोड सहित कई अन्य स्थानों पर भी दबिश दी। यहाँ अवैध रूप से निर्मित दीवारें, टपरे और लोहे की जालियां हटाई गईं।

## मप्र बजट : गरीब कल्याण और विकास पर रहेगा फोकस, कांग्रेस ने ही शुरू किया था कर्ज का दौर : रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आगामी बजट को लेकर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के नेतृत्व में तैयार किया जा रहा यह बजट राज्य के सुनहरे भविष्य की नींव रखेगा।



**गरीब, महिला और युवा पर जोर :** हुजूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि बजट में सरकार का मुख्य फोकस जन-कल्याण पर है। उन्होंने कहा, बजट में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान, युवा और उद्योगों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इस बजट में केंद्र सरकार की नीतियों और उनके बजट की झलक भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

## अड़ीबाजी के मामले में 2500 के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा, 21 मामले पहले से दर्ज

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**भोपाल।** राजधानी के थाना टीटी नगर पुलिस ने अड़ीबाजी के मामले में फरार चल रहे 2500 रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले छह महीने से पुलिस की गिरफ्त से दूर था।

थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह दौहर ने बताया कि दिनांक 9 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी भारत उर्फ बब्बू बाथम अटल पथ रोड के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी भारत उर्फ बब्बू बाथम (26 वर्ष), निवासी ग्वाल मोहल्ला, रोशनपुरा, थाना अरेरा हिल्स का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना टीटी नगर में अपराध क्रमांक 557/25, धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज था। फरार आरोपी पर पुलिस उपायुक्त जोन-01 द्वारा 2500 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### कुल 21 अपराधों का है हिस्ट्रीशीटर

पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी भारत उर्फ बब्बू बाथम के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 21 आपराधिक मामले पहले से ही पंजीबद्ध हैं।

## आज 15 से ज्यादा इलाकों में रहेगी बिजली गुल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस का काम किया जाना है, जिसके चलते बुधवार को शहर के करीब 15 से अधिक इलाकों में बिजली की सप्लाई प्रभावित रहेगी। कंपनी के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह से लेकर देर शाम तक अलग-अलग समय पर 2 से लेकर 7 घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी।

**इन प्रमुख इलाकों में रहेगा असर:** बिजली कटौती से गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, दानिशकुंज, दाता कॉलोनी, सिंगापुर सिटी कॉलोनी और विराशा हाइट्स जैसे बड़े इलाके प्रभावित होंगे।

**प्रभावित क्षेत्र :** सुबह 8:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक: 45 बंगलो, बेतवा अपॉर्टमेंट, जीटीबी कॉम्पलेक्स एवं आसपास के क्षेत्र।

**प्रभावित क्षेत्र :**सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक: दाता कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र।

### हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की अनूठी पहल

# अरेडी में बूथ क्रमांक 385 अब पूरी तरह नारी शक्ति के हवाले

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**भोपाल।** ग्राम पंचायत अरेडी में महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल कायम की गई है। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के विज़न को साकार करते हुए, ग्राम पंचायत अरेडी में बूथ क्रमांक 385 का विशेष रूप से गठन किया गया है।

इस बूथ की सबसे खास बात यह है कि यहाँ अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक, सभी पदों पर महिलाओं को नियुक्त किया गया है, जो नारी शक्ति को मजबूती प्रदान करेगा।

नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों ने सरपंच कला बाई और उपसरपंच जीवन सिंह यादव जी के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा जी से मुलाकात की। महिलाओं ने विधायक जी को इस जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद दिया और आभार जताया। इस अवसर पर विधायक जी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



ग्राम पंचायत के उपसरपंच जीवन सिंह यादव ने बताया कि बूथ में महिलाओं को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं :

- **बूथ अध्यक्ष :** किरण पाल
- **बूथ मंत्री :** मंजू यादव
- **लाभार्थी प्रमुख :** रीना पोसार
- **मन की बात प्रमुख :** रेखा लोधी
- **B.L.A. :** पूजा चौहान
- **सदस्य :** चिंता पाल, सुमित्रा यादव, भगवती बाई, डोली नवे

# किन्नर समुदाय में वर्चस्व की जंग ने लिया सांप्रदायिक रूप, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच चल रहा आपसी विवाद अब गहरा गया है और इसने सांप्रदायिक रंग ले लिया है। एक ओर जहाँ गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसे वर्चस्व की लड़ाई बताया जा रहा है।

### गुरु सुरैया नायक ने आरोपों को नकारा

इन आरोपों का खंडन करते हुए भोपाल किन्नर अखाड़े की गुरु सुरैया नायक ने प्रेस वार्ता आयोजित की। सुरैया नायक ने काजल ठाकुर के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा, काजल ठाकुर का भोपाल से कोई लेना-देना नहीं है, वह मंडीदीप की रहने वाली है और उसके खिलाफ भोपाल में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुरैया नायक ने स्पष्ट किया कि किन्नरों का कोई धर्म नहीं होता और उनके घर में सभी जातियों के किन्नर प्रेम से रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि यह पूरा विवाद क्षेत्र (इलाके) पर वर्चस्व को लेकर है।

## रनिंग रूम की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रेलवे ने अपनाया चालक दल ऐप

**भोपाल।** भोपाल मंडल द्वारा रेल सुरक्षा और रनिंग स्टाफ (लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन प्रबंधक) की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल की गई है। रेलवे अब रनिंग रूम से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पारदर्शी और त्वरित व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) द्वारा विकसित 'चालक दल ऐप' के माध्यम से अब रनिंग स्टाफ अपनी शिकायतें सीधे दर्ज कर सकेंगे। अब तक कई स्थानों पर शिकायतें केवल पारंपरिक रजिस्टरों या स्थानीय प्रणालियों में दर्ज की जाती थीं, जिससे उच्च अधिकारियों को वास्तविक समस्याओं का पता चलने में देरी होती थी। अब ऐप के उपयोग से ये शिकायतें सीधे केंद्रीय शिकायत प्रबंधन प्रणाली में परिलक्षित होंगी। रिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि, यह डिजिटल व्यवस्था रनिंग स्टाफ की कार्य स्थितियों में सुधार करेगी। जब स्टाफ को बेहतर विश्राम मिलेगा, तो इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव रेल परिचालन की सुरक्षा और यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।